फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 10 प्रभात जयपुर, बुधवार 10 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT

BOB DYLAN
The Vagabond Poet

When asked about 'Rainy Day Woman', Bob Dylan replied that it had a Biblical background! Nobody believed him, at least not the smokers.

Extending Shelf Life Of Vaccines — From manufacturing of vaccines to its utilization temperature does matter.

नीतीश कुमार ने मोदी-शाह द्वय को मात दी?

नीतीश 21 महीने पुराना गठबंधन तोड़कर राज्यपाल के पास गये, पद से इस्तीफा लेकर

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजनैतिक कौशल के मामले में मोदी-अमित शाह की जोड़ी को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने भाजपा के साथ अपनी मैत्री को तोड़ते हुये गठबंधन सरकार का अस्तित्व समाप्त कर दिया है। उन्होंने अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदियों- आर.जे.डी. और कांग्रेस से मदद लेने के लिये अपना हाथ बढ़ाकर इस कहावत को सही सिद्ध कर दिया है कि "राजनीति में कोई स्थाई शत्रु (या मित्र) नहीं हुआ करता।"

राज्य की 21 माह पुरानी जे.डी. (यू.) - भाजपा गठबंधन सरकार के भविष्य को लेकर एक महीने से ज्यादा समय से चल रही अटकलों को विराम देते हुये, जे.डी. (यू.) - भाजपा गठबंधन को तोड़ने के तुरन्त बाद, नीतीश ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद, वे राज्य विधानसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता तेजस्वी यादव के साथ बिहार के राज्यपाल फागू चौहान के आवास पर पहुँचे तथा उन्हें नई सरकार के गठन की पूर्व सूचना दी।

- प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार ने राज्यपाल के सम्मुख नए मु.मंत्री के रूप में नयी सरकार बनाने का दावा भी पेश किया।
- राज्यपाल से मिलने, लालू पुत्र तेजस्वी यादव, तेज प्रताप भी नीतीश कुमार के साथ गये।
- चर्चा यह है कि, नीतीश की नयी सरकार में दोनों लालू पुत्र मंत्री होंगे तथा तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री का पद भी दिया जा सकता है। आर.जे.डी. को विधानसभाध्यक्ष का पद भी मिल सकता है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि, कांग्रेस भी नयी सरकार में शामिल हो सकती है।
- नीतीश कुमार ने राज्यपाल के निवास पर जाने से पूर्व अपनी पार्टी के विधायकों को संबोधित किया व गठबंधन तोड़ने के कारण बताये।
- नीतीश को पूरा विश्वास है कि, अमित शाह उनकी पार्टी को तोड़ने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। बिहार में इंटैलिजैंस एजेंसियों ने भी उनके सम्मुख प्रमाण रखे कि, बिहार में बहुत धन आ रहा है दिल्ली से, उनकी पार्टी तोड़ने के लिये।
- भाजपा के कुछ महारथी, जैसे सुशील मोदी व रविशंकर प्रसाद को पटना भेजा गया है, डैमेज कंट्रोल के लिये।

नीतीश कुमार ने भाजपा को दूसरी बार पटखनी देने के अपने इस निर्णय से पहले, अपने विधायकों के साथ मीटिंग की। वे शाम को राज्यपाल से मिलने गये तथा अपना इस्तीफा उन्हें सौंप दिया।

राज्यपाल से भेंट करने के बाद, उन्होंने मीडिया को बताया, "मैंने इस्तीफा दे दिया है तथा इसकी जानकारी अपने विधायकों को दे दी है।"

कुछ ही देर बाद, वे विपक्षी नेता तेजस्वी यादव तथा उनके भाई तेज प्रताप, जो लालू यादव के बेटे हैं, के साथ दिखाई दिया और फिर वे राज्यपाल के पास दोबारा गये तथा उनसे मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी पारी शुरू करने की अनुमति देने का आग्रह किया। कांग्रेस जैसी अन्य पार्टियों के भी नई गठबंधन सरकार में शामिल होने की आशा है।

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता इस बड़ी घटना तथा इसके परिणामों पर विचार करने के लिये पटना पहुँच रहे हैं। इनमें सुशील कुमार मोदी तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद भी शामिल हैं। बिहार के भाजपा अध्यक्ष संजय

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

काले कपड़े

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार पंकज

- अमित शाह ने राहुल गांधी द्वारा काले कपड़े पहनने को भारतीय आस्था और भगवान राम का अपमान बताया तो कांग्रेस ने गंगा स्नान में मोदी द्वारा काले कपड़े पहनने पर कटाक्ष किए।

शर्मा ने राहुल गांधी व कांग्रेस के अन्य

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

भारत जोड़ो यात्रा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। कांग्रेस ने मंगलवार को अपनी "भारत जोड़ो यात्रा" की घोषणा की। आगामी 7

- कांग्रेस की "भारत जोड़ो" पद यात्रा 7 सितम्बर से शुरू होगी, जिसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

सितम्बर से कन्या कुमारी से कश्मीर तक होने वाली यह पदयात्रा महात्मा गांधी के "भारत छोड़ो" आंदोलन की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

राजनीतिक यू-टर्न के बादशाह!

पर यह भी सच है कि, इस यू-टर्न से नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा के प्रभाव व प्रसार बढ़ाने के प्रयास पर अंकुश लगा दिया है, चाहे यह अंकुश अस्थायी ही साबित हो

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। बिहार के सीनियर नेता नीतीश कुमार ने एन.डी.ए. के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देकर और आर.जे.डी. सहित "महागठबंधन" पार्टियों के समर्थन से एक वैकल्पिक सरकार के गठन का राज्यपाल फागू चौहान के समक्ष दावा पेश कर स्वयं की छवि राजनीति के "यू-टर्न किंग" के रूप में और सशक्त की है।

कुमार के भाजपा के साथ संबंध जहां तनावपूर्ण थे वही जे.डी.यू. और भाजपा, दोनों ही एक गतिरोधपूर्ण स्थिति में बंधे हुए थे जो कि एक असहज और मजबूरी में की गई व्यवस्था थी। यह संवाददाता अपने निर्णय में गलती का बैठा जब उसने कल के राष्ट्रदूत में यह खबर दी कि कुमार के इस स्थिति में भाजपा के साथ पूर्ण रूप से संबंध विच्छेद करने की संभावना नहीं है। एक बार फिर महागठबंधन राजनीति की राह पकड़ने के साथ ही कुमार ने भाजपा की बिहार में विस्तार वादी योजनाओं में बाधाएं खड़ी कर दी हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने अपनी प्रतिष्ठानुरूप कार्य नहीं किया है। कुमार के जहां एक बार फिर से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की संभावना है वहीं अब वे आर.जे.डी. नेता लालू प्रसाद के दोनों पुत्रों तेजस्वी और तेज प्रताप की दया पर निर्भर होंगे और उनकी मि.क्लीन की छवि के जबर्दस्त रूप से खराब होने की उम्मीद हैं।

- दूसरी ओर, नयी सरकार में नीतीश कुमार की भी स्थिति, तनावपूर्ण रहेगी, क्योंकि वे सदा लालू-पुत्र तेजस्वी व तेज प्रताप की "मेहरबानी" पर जीवित रहेंगे, जिससे उनकी "क्लीन" छवि को धक्का लगने की भारी संभावना है।
- एक और प्रश्न यह भी उठ रहा है कि, मु.मंत्री पद तो जरूर मिल जायेगा नीतीश कुमार को, पर जद (यू) का भविष्य क्या रहेगा? क्या भाजपा व आर.जे.डी. ही दो प्रमुख पार्टियां रहेंगी, अगले चुनाव में?

जमीनी सूचनाएं बता रही हैं कि राज्य के नये मन्त्रिमण्डल के मंत्री पद तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं, जैसे विधानसभा अध्यक्ष का चयन आदि सब कुछ तय और पक्का हो चुका है। कुछ समय पूर्व असदुद्दीन ओवैसी की ए.आई.एम.आई.एम. के पाँच में से चार विधायक आर.जे.डी. में शामिल हो गये थे तथा इस प्रकार, आर.जे.डी. राज्य विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी बन गई थी। राज्य के भाजपा नेताओं को तब ही सतर्क हो जाना चाहिये था कि विपक्षी खेमे में कोई खिचड़ी जरूर पक रही है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पटना में आयोजित विशाल पार्टी सम्मेलन के 10 दिन के अन्दर ही एन.डी.ए. सरकार का गिर जाना, साफतौर पर भगवा पार्टी के लिये परेशानी का सबब, बल्कि लज्जानक माना जा रहा हैं।

जाहिरा तौर पर, कुमार ने भाजपा के साथ अपने रिश्ते तोड़ने का निर्णय ऐसी आशंकाओं के फलस्वरूप लिया कि भगवा पार्टी जे.डी.यू. को तोड़ने की कोशिश कर रही है। लेकिन, अब नीतीश भले ही आर.जे.डी. से साथ जुड़ गये हैं,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

राहुल तिजारा में?

जयुपर, 9 अगस्त (कासं)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को एक संक्षिप्त दौरे पर अलवर के तिजारा कस्बे में आयेंगे।

वह सड़क मार्ग से तिजारा पहुचेंगे और वहां जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वापस लौट जायेंगे।

राहुल गांधी करीब 9 बजे दिल्ली से रवाना होंगे और करीब 11.15 बजे

- सूत्रों से पता चला है कि, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को संक्षिप्त दौरे पर तिजारा आ रहे हैं। वे सड़क मार्ग से यहाँ पहुंचेंगे।

तिजारा जैन मंदिर पहुंचेगे। यहां वह 11.30 बजे संगम वर्कशॉप में एक सत्र को संबोधित करेंगे। जैसा कि विदित है कि, 2 दिन पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी तिजारा गये थे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जसवंत गुर्जर ने बताया कि, राहुल गांधी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

बैंगलोर निगम के चुनाव बता देंगे कर्नाटक में अगली सरकार किस की बनेगी

बैंगलोर नगर निगम की ऐसी महिमा है कि, पार्षद ज्यादा राजनीतिक महत्व रखते हैं, स्थानीय विधायक व सांसद से

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। अगले वर्ष होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ने के आकांक्षी नेता जल्दी ही होने वाले बी.बी.एम.पी. बैंगलोर म्यूनिसिपेलिटी) काउंसिल चुनावों के लिये विधिवत रिहर्सल की तैयारी कर रहे हैं, जिनके नतीजों से यह साफ संकेत मिल जायेगा कि कर्नाटक के मतदाता क्या सोच रहे हैं- वे अपना आशीर्वाद सत्तारूढ़ भाजपा को देते हैं तथा सत्ता-परिवर्तन करना चाहते हैं।

बेंगलुरू म्यूनिसिपल इलैक्शन, जिनके अक्टूबर या नवम्बर में होने की उम्मीद है, का प्रतिष्ठा की बनना सुनिश्चित है क्योंकि इनके जरिये बेंगलुरू शहर तथा काउंसिल पर कब्जा हो जायेगा, जिसका बजट करीब 10,000 करोड़ रू. है। बेंगलुरू म्यूनिसिपल काउंसिल के पार्षद प्रायः विधायकों और सांसदों से भी ज्यादा ताकतवर माने जाते हैं।

- मुख्य स्पर्धा भाजपा व कांग्रेस के बीच रहेगी, क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाने वाली जद (एस) का बैंगलोर में खास प्रभाव नहीं है।
- अब तक हुए सर्वेक्षणों के अनुसार, त्रिशंकु नतीजा रहेगा नगर निगम के चुनाव में।
- आप भी यह ही चाहती है, इसीलिये आप ने सौ पार्षद सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा की है। अगर किसी भी पार्टी, भाजपा या कांग्रेस, को बहुमत नहीं मिलता है तो, आप मान रही है कि, उसका राजनीतिक महत्व बढ़ जाएगा।

सत्तारूढ़ भाजपा के लिये, इस शहरी स्थानीय निकाय पर कब्जा करना इसलिये प्रतिष्ठा का विषय है क्योंकि इससे एक ऐसे शहर पर अपनी ताकत प्रदर्शित होगी, जहाँ दोनों पार्टियों के विधायकों की संख्या करीब-करीब बराबर है। तीसरी प्रबल राजनैतिक ताकत, जनता दल (सेकूलर), जो राज्य के चुनावों को त्रिकोणीय बना देता है, का बेंगलुरू में कोई खास प्रभाव नहीं है। बी.बी.एम.पी. काउंसिल चुनावों के लिये

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अजीब संयोग है: भारत में गांधी परिवार के दफ्तर, जो नैशनल हैरल्ड बिल्डिंग में है, की ई. डी. छानबीन कर रही है व पूछताछ कर रही है

इसी प्रकार अमेरिकी शीर्षस्थ इन्टैलिजैंस एजेंसी पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित निवास व उनकी निजी तिजोरियों में बंद दस्तावेजों को खंगाल रही है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 अगस्त। एक अभूतपूर्व कदम के तहत अमेरिका की शीर्ष जाँच एजेंसी, फैडरल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन्स (एफ.बी.आई.) ने पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के फ्लोरिडा के मार-ए-लागो स्थित विशिष्ट आवास एवं फैन्सी गोल्ड क्लब में तलाशी अभियान चलाया।

जाँच-पड़ताल यू.एस. डिपार्टमैंट ऑफ जस्टिस के आदेशों के अन्तर्गत की गई और इसे "काफी गंभीर" माना जा रहा है। कुछ वरिष्ठ टिप्पणीकारों का मानना है कि संदेह के ठोस आधार के बिना ऐसी तलाशी के आदेश नहीं दिए जा सकते।

- प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन तहखानों से दस्तावेजों से भरे संदूकों को एफ.बी.आई. ले गयी है। इस छापे के दौरान अमेरिका के अभिलेखागार (आर्काइव्ज़) के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।
- एफ.बी.आई. का तर्क है कि, वह यह जानकारी करना चाहती है कि, राष्ट्रपति ट्रम्प अपने शासन काल में, अमेरिका की सुरक्षा से संबंधित कागजात तो साथ नहीं ले आये। यह एक गंभीर बात है, क्योंकि ये दस्तावेज "शत्रु देशों" के हाथ में पड़ गये तो अमेरिका की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

तलाशी के बारे में राष्ट्रपति जो बाइडन तक को पता नहीं था और मामले में जज ने स्वयं ही आदेश जारी किए। इस खबर ने वॉशिंगटन के प्रमुख नेताओं के साथ ही रिपब्लिकन पार्टी के दिग्गजों को हिलाकर रख दिया है।

एफ.बी.आई. एजेन्ट्स को यह पूर्व सूचना थी कि पेपर्स कहां होंगे और वे ट्रम्प के निजी आवास के बेसमैंट और मार-ए-लागो परिसर के ऑफिस क्वार्टर्स में गए। स्पष्ट है कि ट्रम्प के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उनके क्लोज

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

मन की प्रसन्नता से समस्त मानसिक और शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं।

–रामदास

हर घर तिरंगा अभियान लोगों को भाईचारे के धागे से जोड़े

भारत के लोग इस बार देश की आज़ादी की 75वीं सालगिरह के जश्न मना रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस जश्न को आज़ादी का अमृत महोत्सव नाम दिया है। इस जश्न को मनाने के लिए सभी राज्य सरकारें भी अपने-अपने स्तर पर जुटी हैं। स्वतंत्रता दिवस के इस उत्सव में बड़े पैमाने पर जन भागीदारी बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा की है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों से 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर पर तिरंगा फहराने का आव्हान किया है। उनके मुताबिक इस अभियान से नागरिकों का तिरंगे के साथ रिश्ता और गहरा होगा हम भारत के लोग, जिन्होंने अपने आप को गणतांत्रिक संविधान दिया, जिन्होंने अपने आजाद मुल्क के लिये तिरंगा झण्डा अपनाया, जिन्होंने देशभक्ति की भावना और प्रबल होगी। 15 अगस्त, 1947 को ब्रिटेन के ध्वज यूनियन जैक का उतरना और तिरंगे का फहराया जाना कोई रस्म अदायगी नहीं थी, वह इतिहास की करवट थी। इस झंडे के नीचे पूरा भारत और उसके सभी नागरिक बिना किसी भेद के आपसी सद्भाव के ताने-बाने में बुन गये थे। आज़ादी का अमृत महोत्सव वह समय है जब देश जवान होने लगा है। आज इसके नागरिकों में पहले से अधिक आत्मविश्वास है। वे अपनी मुट्ठी में अपनी तकदीर लिये आसमान की ऊंचाइयां छूने को तत्पर हैं। भले ही 75 वर्ष की यात्रा गणतंत्र भारत में जबरदस्त चुनौतियां, बाधाएं और मायूसियां भी रही मगर उसके कदम रुके नहीं। महोत्सव की सच्ची सफलता तभी होगी जब हमारे पूर्वजों ने आज़ादी की जंग में जैसा देश और समाज बनाने का सपना देखा था वह पूरा हो सके और महोत्सव के उल्हास में हर घर झण्डा फहरा कर यदि वह सपना साकार करने के लिए नई पीढ़ी को फिर से संकल्पबद्ध किया जा सके।

राष्ट्रीय ध्वज किसी भी देश की एकता, अखंडता, अस्मिता, गौरव और यहां के नागरिकों के आत्मसम्मान का प्रतीक होता है। वह देश को राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित करता है। बड़े-बड़े सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन किसी न किसी झंडे के नीचे ही होते आये हैं। मगर समूचे हिंदुस्तान का कभी एक झण्डा नहीं रहा। सभी रियासतों के अपने अपने अलग-अलग झंडे होते थे। अंग्रेजों के राज में ब्रिटेन का राष्ट्र ध्वज यूनियन जैक फहराता रहा किन्तु 1857 की सैनिक क्रांति के बाद पहली बार अपने साम्राज्य के इस देश के लिए अलग ध्वज बना कर यहां के लोगों को उससे जोड़ने की कोशिश की। इस ध्वज में ऊपर कोने पर यूनियन जैक तथा नीचे हिंदुस्तान का प्रतीक सूर्य का चिन्ह अंकित था। 1880 से 1947 तक यह ध्वज अविभाजित हिंदुस्तान का प्रतिनिधित्व करता रहा। आज़ादी की सुबह इसकी जगह संविधान सभा द्वारा अंगीकृत ध्वज ने स्थान लिया। 26 जनवरी 1950 को बीच में चक्र वाला यही तिरंगा गणतांत्रिक भारत का राष्ट्रीय ध्वज बना। मगर झंडा हमारे यहां हमेशा सत्ता के रुतबे का प्रतीक ही रहा। उसे श्रद्धा युक्त भय के साथ देशाहंकार के लिए उपयोग किया जाता रहा। आमजन के लिए वह सम्माननीय तो रहा मगर एक दूरी के साथ। लंबे समय तक माना जाता रहा मानो आम नागरिक के हाथ में आने से उसकी मर्यादा भंग हो जायेगी। इसलिए राष्ट्रीय ध्वज के साथ भारत के नागरिकों का व्यक्तिगत से ज़्यादा औपचारिक और संस्थागत रिश्ता ही अधिक रहा है। यही माना जाता रहा कि झण्डा फहराना तो मंत्रियों और बड़े अफसरों को ही शोभा देता है और वह अधिकार का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान के बाद ये मिथक टूटेगा और आम नागरिक के राष्ट्रीय ध्वज के साथ संबंध ज़्यादा व्यक्तिगत हो सकने की उम्मीद की जा सकती है।

> **प्रधानमंत्री ने लोगों से हर घर तिरंगा फहराने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने खातों की प्रोफाइल पिक्चर के रूप में तिरंगा लगाने का भी आग्रह किया है जिसका असर नज़र भी आने लगा है। राष्ट्रीय ध्वज का यह उत्सव देश के सभी नागरिकों को आपस में मानवीय भाईचारे के धागे से जोड़ने में सफल होता है तो वह देश के लिए बड़ी सौगात होगी जिसकी आज बेहद जरूरत है।**

राष्ट्रीय ध्वज को हर घर पर फहराने के अभियान तक पहुंचने में हमें एक लंबा सफर तय करना पड़ा है जिसके दौरान कुछ ज़िद्दी नागरिक झण्डा फहराने का हक़ हासिल करने के लिए लड़ते हुए देश की सर्वोच्च अदालत तक गये हैं और न्याय पाया है। 23 जनवरी 2004 को, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 22 सितंबर 1995 के फैसले और आदेश के खिलाफ भारत संघ द्वारा दायर दीवानी अपील को खारिज कर दिया और माना कि संविधान के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वाले अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराना अभिव्यक्ति का प्रतीक है और नागरिक का अधिकार भी। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि प्रथम दृष्टया उन्हें कोई कारण नहीं दिखता कि इस देश के नागरिक राष्ट्रीय ध्वज को प्रदर्शित करके क्यों देशभक्ति व्यक्त नहीं कर सकते ! इसी के चलते आम नागरिकों को अपने ही ध्वज से दूर रखने वाली ध्वज संहिता में सरकार को बदलाव करने पड़े। हमारे देश में कोई भी मुद्दा हो उस पर विवाद न उठे यह संभव ही नहीं है। अनेक बार विवाद अनुचित भी नहीं होते है। ऐसा ही एक विवाद सरकार द्वारा पिछले साल 30 दिसंबर को राष्ट्रीय ध्वज संहिता में किये संशोधन पर हुआ है। इसके पहले तक तिरंगा हाथ से काते गये और हाथ से बुने हुए खादी के कपड़े का ही हो सकता था। अब यह छूट दे दी गई है कि राष्ट्रीय ध्वज हाथ की कती बुनी खादी के अलावा मशीन द्वारा सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क के कपड़े से भी बनाया जा सकता है। इसका विरोध गांधीवादी संस्थाएं और लोग कर रहे हैं। उनका वाजिब तर्क है कि खादी कोई उद्यम नहीं एक विचार है खादी ने करोड़ों लोगों को आर्थिक संबल और आत्मसम्मान देकर उन्हें विकास की धारा से जोड़ा है। हाथ से कते और बुने कपड़े से तिरंगे का निर्माण हमारी विरासत है जिसे यह संशोधन ध्वस्त करता है। मगर नई तकनीक जनित तथा बाज़ार पोषित अर्थव्यवस्था में ऐसी बातें टिकती नहीं। ऐसे में खादी के विचार के साथ समाज में काम करने वालों पर अधिक जिम्मेवारी आ गई है कि वे आम नागरिकों में यह भावना प्रबल बनाये रखें कि वे अपने घरों पर फहराने के लिए खादी से बने झंडे को प्राथमिकता देंगे। उन्हें भी मशीन से बने झंडों के प्रति वैसा ही लचीला रुख अपनाना होगा जैसा संविधान सभा ने स्वतंत्र हो रहे देश के लिए राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार करते हुए अपनाया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अशोक चक्र वाली तिरंगे को अपनाने का जो संकल्प रखा उसमें कहा गया कि झंडे की चौड़ाई से लंबाई का अनुपात सामान्यत: 2:3 होगा। नेहरू ने अपने भाषण में इसमें लिखे सामान्यत: शब्द को रेखांकित किया और कहा कि उसमें अवसर और स्थान के अनुरूप लचीलापन हो सकता है। हमारे संविधान निर्माता रूढ़िवादी नहीं थे और परिवर्तन के लिए सदैव तत्पर थे। भारत की स्वतंत्रता से कुछ दिन पहले 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज पर चर्चा के दौरान एक सदस्य एच.वी. कामथ ने ध्वज के बीच चक्र के अंदर स्वास्तिक को शामिल करने के लिए संशोधन प्रस्ताव पेश किया था। उनका कहना था कि चक्र के अंदर स्वास्तिक अंकित हो जाने से स्वास्तिक चिन्ह के रूप में अशोक के धर्म चक्र के साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी जुड़ जाएगा। किन्तु बाद में उन्होंने यह कहते हुए अपना संशोधन प्रस्ताव वापस ले लिया कि उन्हें महसूस होता है कि स्वस्तिक को ध्वज के डिजाइन में शामिल करने से यह घिच-पिच लगेगा। जिस प्रकार भारतीय संविधान उसके निर्माताओं ने लचीला बनाया वही भावना झंडे को अंगीकार करने में भी रही इसे भी समझना होगा।

नेहरू ने भारतीय ध्वज के लिए संविधान सभा में कहा यह ध्वज, जिसे मुझे आपके सामने प्रस्तुत पेश करने का सम्मान मिला है, किसी बादशाहत, साम्राज्य या प्रभुत्व का प्रतीक नहीं है। यह झण्डा सिर्फ हमारे लिए ही स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है बल्कि इसे देखने वाले प्रत्येक की स्वतंत्रता का प्रतीक है। नेहरू ने प्रस्ताव के साथ दो झंडे - एक रेशमी खादी का बना और दूसरा सूती खादी का बना - प्रस्तुत किये। जिण झंडों को संविधान सभा में नेहरू ने रखा उन्हें भारत की समस्त महिलाओं की ओर से हंसा मेहता ने यह कहते हुए भेंट किये थे कि यह ध्वज महान भारत का प्रतीक बने, यह हमेशा ऊंचा फहराता रहे, और दुनिया में फैले अंधकार में प्रकाश के रूप में काम करे। यह उसके साये में रहने वालों के लिए खुशियां लाये। इन दो ध्वजों को ऐतिहासिक धरोहर मानते हुए संविधान सभा ने उन्हें राष्ट्रीय संग्रहालय में सहेज कर रखने का संकल्प लिया।

संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार करने के प्रस्ताव पर हुई बहस में राजस्थान के नेताओं ने भी अपना नाम दर्ज कराया। जोधपुर के शेरे राजस्थान कहलाने वाले जयनारायण व्यास और उदयपुर के डॉ. मोहन सिंह मेहता ने प्रस्ताव का समर्थन करने वाले अकेले नेता थे जिन्होंने अपने भाषण में भारत की राजसी रियासतों का जिक्र किया और कहा कि वे देसी रियासतों की तरफ से भी प्रस्ताव का समर्थन करते हैं क्योंकि वे भी स्वतंत्र देश का अभिन्न अंग बने रहना चाहती हैं। जय नारायण व्यास ने कहा यह हमारा राष्ट्रीय ध्वज है जो सभी समुदायों - हिंदू, मुस्लिम, सिख और पारसी- सभी का है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से हर घर तिरंगा फहराने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने खातों की प्रोफाइल पिक्चर के रूप में तिरंगा लगाने का भी आग्रह किया है जिसका असर नज़र भी आने लगा है। राष्ट्रीय ध्वज का यह उत्सव देश के सभी नागरिकों को आपस में मानवीय भाईचारे के धागे से जोड़ने में सफल होता है तो वह देश के लिए बड़ी सौगात होगी जिसकी आज बेहद जरूरत है।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
(वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक)

समानुभूति की ओट में कौन छिपा बैठा है?

डॉ. रामावतार शर्मा

अंग्रेजी भाषा में दो शब्द हैं - सिंपैथी एवं एंपैथी। इन शब्दों का हिंदी अनुवाद है - सहानुभूति एवं समानुभूति। दोनों ही भाषाओं में दोनों का अर्थ एक जैसा लगता है पर होता नहीं है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से तो दोनों में अच्छा खासा अंतर होता है। इन दोनों भावों को समझना इसलिए आवश्यक है क्योंकि इन्ही के द्वारा हमारे जीवन में बड़े परिवर्तन आते हैं। जो लोग उपरोक्त भावों के जानकार होते हैं वे एक अदृश्य परदे के पीछे से पूरे देश या समाज को नियंत्रित करने की क्षमता विकसित कर लेते हैं। सहानुभूति वह भाव है जिसमें कोई व्यक्ति किसी की पीड़ा, हीनभावना या किसी और कष्ट को साझा करता है, उसकी पीड़ा से आहत होता है, उसको उस स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश करता है। समानुभूति वह भाव है जिसमें एक व्यक्ति आपकी पीड़ा या भावना को समझता तो है पर यह जरूरी नहीं कि वह उसे साझा करे या उसके निवारण का उपाय बताने की सोचे।

जब हम मनुष्य के व्यक्तित्व का विश्लेषण करते हैं तो एक वर्ग आता है जिसे साइकोपैथ या मनोरोगी कहा जाता है। यहां इस बात को याद रखना ज़रूरी है कि मनोरोग और पागलपन में बहुत फर्क होता है। मनोरोग एक तरह का मनोविकार है जबकि पागलपन एक मानसिक बीमारी होती है। मनोविकार से ग्रसित व्यक्तित्व को समझना बहुत ही मुश्कित होता है क्योंकि ये लोग अक्सर कोई न कोई छद्म रूप धारण किए हुए होते हैं। मनोविज्ञान में तीन तरह के खतरनाक व्यक्तित्व माने जाते रहे है - मनोरोगी, मैकियावेली वादी और आत्ममोही। मनोरोगी (साइकोपैथ) व्यक्तित्व पश्चाताप विहीन हिंसा करता है। इटली के दार्शनिक मैकियावेली ने धूर्तता एवं दगाबाजी को शासन प्रणाली का अहम हिस्सा बताया था। इस श्रेणी में आने वाला व्यक्ति शक्ति या शासन पाने के लिए झूठ और निष्ठुरता को अपना काम निकालने का साधन बनाता है, सत्ता पाने के लिए किसी की भी बलि चढ़ा सकता है। तीसरा व्यक्तित्व आत्ममोही अपने ही सपनों की दुनिया में रहता है, दूसरों की समस्याओं को अनदेखा कर आत्ममुग्ध रहकर चारों तरफ की पीड़ा और अव्यवस्था को नकारता हुआ काल्पनिक अच्छे समय को यथार्थ मानता है। वह अपने हर निर्णय को सही मानता है और विरोध करने वालों को अपने समर्थकों से प्रताड़ित करवाता है। इन तीनों तरह के मनोविकारों को निष्ठुर तिकड़ी या डार्क ट्रायड कहा जाता है। इन तीनों तरह के व्यक्तित्वों में दूसरे की भावनाओं को समझने का कोई प्रयास नहीं होता है, सब कुछ स्वकेंद्रित होता है।

तकनीकी विकास और शहरीकरण के कारण एक चौथा समूह भी बहुत तेजी से उभरा है जिसे समानुभूति कहते हैं वह भी होता है जिसमें ये लोग सामने वाले की मनोस्थिति को पूरी तरह से समझते तो हैं पर उसका उपयोग अपने हित के लिए करते हैं। लोगों की भावनाओं और डर का बड़े स्तर पर दोहन करते हैं। इन लोगों को डार्क एंपैथ या छद्म सहयोगी या श्यामल समानुभूति व्यक्तिव कहा जाता है। निष्ठुर तिकड़ी के लोग जहां छुप कर नुकसान पहुंचाते है, नेपथ्य में रहने का प्रयत्न करते हैं पर छद्म सहयोगी बहुत मुखर होते हैं। अपने आपको आक्रामक तरीके से जनहितकारी घोषित करते हैं, सपने बांटते हैं। ये लोग सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं पर यदि इनके अपने हित पर आंच आए तो बहुत ही निष्ठुर और हानिकारक होते हैं। ये लोग सदा परोक्षरूप में ही हमला करते हैं। चूंकि ये हर तरह की मानवीय भावनाओं के प्रति सचेत होते हैं तो लोगों को अपनी विचारधारा में इस तरह से ढाल लेते हैं कि ठगे जा रहे लोगों को लंबे समय तक ठगाने में ही आनंद आता रहता है। इस तरह के छद्म पथप्रदर्शक लोग व्यक्ति, समाज या देश के लिए सदा नुकसानदेह होते हैं क्योंकि ये लोग छद्म व्यक्तित्व को सामाजिक सक्रियता, राष्ट्रीय गर्व, सांस्कृतिक महानता आदि के आवरण में ढके रखते हैं पर इनका प्रमुख उद्देश्य निष्ठुर स्वहित ही होता है।

निष्ठुर समानुभूति का एक उदाहरण चीनी नेता माओ त्से तुंग रहा है। वह चीनी लोगों की हीन भावनाओं और स्वघोषित सांस्कृतिक उच्चता की मन:स्थित को समझता था। उसनें चीनी लोगों की स्थिति के लिए बाकी बातों के अलावा कन्फ्यूशियस की शिक्षा को जिम्मेदार बताया हालांकि उस समय 98 प्रतिशत चीनी लोग साक्षर नहीं थे। अपने इस विचार की आड़ में उसने करोड़ों नागरिकों का कत्ल अपनी ही सेना या समर्थकों द्वारा करवाया। कंबोडिया का पोल पॉट भी इसी श्रेणी में आता है। एक और बड़ा उदाहरण हिटलर है जिसने पूरी जर्मन जनता को एक बड़े भ्रम पर विश्वास दिला दिया कि विश्व में सिर्फ जर्मेनिक एवम् एंग्लो-सैक्सन जाति ही सर्वोत्तम हैं, बाकी एशियन, अफ्रीकन आदि उनके सेवादार होने चाहिए।

हिटलर ने इन जन भावनाओं को समझा और हार का सारा दोष मुख्यतया यहूदियों और कुछ साम्यवादियों को दिया, जबकि यहूदी जर्मनी की एक प्रतिशत से भी कम आबादी थे। उसने लोगों को विश्वास दिलाया कि यदि उसे सत्ता सौंप दी जाएगी तो वह जर्मन आत्म सम्मान को पुन: स्थापित कर देगा और जर्मनी के अच्छे दिन आयेंगे। आगे विश्व युद्ध द्वतीय में जो नर संहार हुआ वह सर्व विदित है।

मनोविज्ञान में श्यामल समानुभूति वाले लोगों को सबसे खतरनाक माना जाता है और आधुनिक समय में जब सूचनाओं का प्रवाह बहुत तीव्र गति से होता है तो ये लोग समूह में इकट्ठे हो कर वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाल सकते हैं और यदि व्यक्तिगत स्तर पर बात देखी जाए तो कितने ही लोगों के जीवन कितनी ही तरह से प्रभावित हो सकते हैं। डार्क एंपैथ को पहचानना बहुत मुश्किल होता है और जब तक कोई पहचान पाए वह इतना स्थापित हो चुका होता है कि उसे पूरी तरह से जन मानस पटल से हटाना संभव नहीं है। आज भी चीन में माओ और जर्मनी में हिटलर की अच्छी खासी पकड़ है हालांकि लोग प्रत्यक्ष में स्वीकार नहीं कर रहे हैं। श्यामल समानुभूति का धर्म, राजनीति, अपराध और शारीरिक या आर्थिक शोषण में उपयोग होता रहा है और अब इसकी धार और पैनी हो गई है। आज हर मनुष्य को अपने आस -पास बैठे श्यामल समानुभूति व्यक्तित्व को पहचानने की जरूरत है वरना डार्क एंपैथ जीवन में अंधेरा फैला देगा।

डॉ रामावतार शर्मा,
चिकित्सक एवं लेखक

आदिवासी दिवस पर कन्हैया दंगल में झूमे श्रोता

▪ शेखपुरा गांव में गायक कलाकारों ने धार्मिक में पौराणिक कथाएं सुनाईं

श्रीमहावीरजी (निस)। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को शेखपुरा गांव में एक दिवसीय कन्हैया दंगल आयोजित किया गया, जिसमें गायक कलाकारों ने धार्मिक में पौराणिक कथाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कन्हैया दंगल में कानापुरा कि पार्टी ने भक्त हरदौल व नल - दमयन्ती की कथा का मार्मिक वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही आडा डूंगर की पार्टी ने शिव पार्वती विवाह का वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। गावी - मोहनपुरा की कन्हैया पार्टी ने सुदामा चरित्र का वृतांत सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इससे पूर्व आदिवासी समिति द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर देश की आजादी के लिए बिरसा मुंडा के द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया।

उपसरपंच सुमन मीना ने बताया कि पूर्व में आदिवासी समाज कबीलो में रहकर जल जंगल एवं जमीन के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाते थे। उसी भूमिका की मंगलवार को आदिवासी समाज को शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य धीरसिंहमीना, राजेंद्र सिंह, संजय लकवाड़, उप सरपंच सुमन मीना, प्रहलाद मीना अध्यापक, बबलूमीना, फरेबी मीना ,सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

श्रीमहावीरजी में कन्हैया दंगल के दौरान कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में गौरव यात्रा निकाली

गांव नुहंद से लेकर चांदगोठी तक 22 किलोमीटर की आजादी गौरव यात्रा निकाली गई।

सादुलपुर, (निसं)। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा विधायक पद्मश्री डॉ कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में गांव नुहंद से लेकर चाँदगोठी तक 22 किलोमीटर की पैदल यात्रा निकाली गई। वहीं आजादी गौरव यात्रा जैसे ही गांवों में पहुंची तो वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा तिलक लगाकर और फूल मालाओं से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा गांव नुहंद से आजादी गौरव यात्रा रवाना होकर गांव बास गोविंद सिंह, भैंसली, नवां, गुडान होते हुए चांदगोठी तक 22 किमी की पैदल यात्रा की।

सादुलपुर विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि देश को आजाद कराने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने देश की एकता व अखंडता के लिए बलिदान दिया। साथ ही कहा कि केन्द्र की मौजूदा सरकार लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। आज जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से बेहाल है। इस दौरान चूरू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी ने कहा कि मौजूदा माहौल में समाज को जोड़ने के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है और इस यात्रा के जरिये नफरत के खिलाफ संदेश दिया गया है।

साथ ही चूरू जिले के यात्रा समन्वयक सांवरमल महरिया ने कहा कि आज और आने वाली पीढियों को जानना चाहिए कि कितनी मुश्किल और कुर्बानियों के बाद देश को आजादी मिली थी। साथ ही विधायक डॉ कृष्णा पूनिया ने कहा कि अंतराष्ट्रीय खेल स्टेडियम, राजकीय कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर, ऑक्सीजन प्लांट, कृषि महाविद्यालय, घर-घर पानी कनेक्शन, सिद्धमुख को तहसील बनवाने, हमीरवास को उपतहसील बनाने, नए उप स्वास्थय केन्द्र स्वीकृत करवाने, एसओजी चौकी स्वीकृत करवाने, सीएचसी के सभी प्रकार के चिकित्सक उपलब्ध कराने आदि विकास कार्य के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पूनिया, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी, चूरू जिले के यात्रा समन्वयक सांवरमल महरिया, नगर अध्यक्ष पवन सैनी, नियाज मो, करतार टांडी, सीताराम प्रजापत, वेद प्रकाश रेडू, पूर्व सरपंच अशोक पूनिया, पार्षद हैदर अली, सुलेमान चौहान, रफीक पहाड खानी, संजय बुरडक, सिकंदर जाटू, हरपालू कुशाला सरपंच धर्मवीर कटारिया, विजेंद्र मेहरा हमीरवास, अरुण कोच, सुरेश भाटी, सहित हजारों कांग्रेसी कार्यकर्तागण आजादी गौरव यात्रा में शामिल थे।

बड़ोदरा से दिल्ली तक स्केटिंग यात्रा कर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

गुजरात के बड़ोदरा से स्केटिंग यात्रा पर निकले अगस्त्य वालंद सैन का ब्यावर में श्री सैन समाज संस्थान एसोसिएशन स्वागत किया।

ब्यावर (निस) श्री सेन समाज संस्थान एसोसिएशन द्वारा 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बड़ोदरा गुजरात से स्केटिंग यात्रा करते हुए अगस्त्य वालंद सेन दिल्ली शहीद स्मारक पर पहुंचेंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

संस्थान अध्यक्ष दिलीप बडगुर्जर ने बताया कि अगस्त्य वालंद सैन के जोधपुर रोड बाइपास पहुंचने पर श्री सैन समाज संस्थान एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्वागत किया। लगभग 1100 किलोमीटर की यात्रा करते हुए 15 अगस्त को अगस्त्य सैन शहीदों को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे। सैन के साथ सहयोग के लिऐ 5 साथी फोर व्हीलर के साथ चल रहे हैं। श्री सेन समाज संस्थान एसोसिएशन के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे । स्वागत करने वालों में संस्थान अध्यक्ष बडगुर्जर, पार्षद रामनिवास सैन, महावीर प्रसाद मेवाडा, पुरूषोत्तम जयपाल, राकेश छापरवाल, सुनील हर्षवाल, मनीष हर्षवाल, कन्हैयालाल हर्षवाल, सुनील घोडलिया गहलोत, गोपाल छापरवाल, सुमित सेन, अशोक तंवर, मनीष बड़गुर्जर व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

बुधवार 10 अगस्त, 2022

सावन मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र प्रात: 9:40 तक, प्रीति योग सांय 7:35 तक, तैतिल करण दिन 2:16 तक, चन्द्रमा दिन 2:58 से मकर राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मेष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग दिन 9:40 से आरम्भ होगा। आज मंगल वृष में रात्रि 9:12 पर प्रवेश करेगा। आज आखेटक त्रयोदशी और शिव पवित्रारोपण है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:11 तक, शुभ 10:54 से 12:32 तक, चर 3:49 से 5:27 तक, लाभ 5:27 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:00, सूर्यास्त 7:04

मेष
धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

वृष
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे और शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

मिथुन
परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों एवं महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

कर्क
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

सिंह
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। आय में वृद्धि होगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

कन्या
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा और उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

तुला
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

वृश्चिक
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

धनु
मानसिक तनाव दूर होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे और योजनानुसार सम्पन्न होंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

मकर
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है और घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मन:स्थिति में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

कुंभ
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मीन
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

बसपा से आने वाले विधायकों ने धमकी दी, तो मिली नियुक्ति

उपाध्यक्ष बने नेता मुंह ताक रहे हैं दर्जा मिलने का

- राजनीतिक नियुक्तियों के बीच उभरे नाराजगी के स्वर, युवा बोर्ड उपाध्यक्ष बोले, "सैलरी के लिए राजनीति में नहीं आया, पद के हिसाब से ताकत मिलनी चाहिए"
- दर्जा तो दूर की बात, कई उपाध्यक्षों के पास तो बैठने के लिए जगह भी नहीं, भत्ता तय किया वह भी नहीं मिलता
- गहलोत सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों के जरिए बने हैं 23 उपाध्यक्ष

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान की कांग्रेस सरकार में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ तो ऐसा हो रहा है कि घर के पूत कुंवारे रह रहे हैं और पड़ोसी का फेरा की तरह दूसरे दलों से आए नेता राज का पूरा मजा ले रहे हैं। यही कारण है कि धमकी देने का असर याद दिला कर बसपा से कांग्रेस में आए सभी छह विधायक अब राज का हिस्सा हो चुके 4 विधायकों को पहले ही मंत्री पद और राजनीतिक नियुक्तियां मिल चुकी थी।

सोमवार देर रात को बाकी बचे दो विधायक संदीप यादव और वाजिब अली भी राजनीतिक नियुक्तियों से नवाज दिए गए। दूसरी ओर राजनीतिक नियुक्तियों में विभिन्न बोर्ड निगमों में उपाध्यक्ष बनाए गए नेता और कार्यकर्ता आज भी दर्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष ने तो स्पष्ट रूप से कह दिया है कि हम राजनीति में काम करने आए हैं, वेतन लेने नहीं। पावर नहीं मिलता है, तो संगठन के लोगों का काम कैसे करेंगे। यानी कि कांग्रेसजन भले ही नाराज होते रहे, दूसरों को खुश रखने का काम होता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ही बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों ने उनकी मांगे पूरी नहीं होने पर धमकी की भाषा का इस्तेमाल किया था और कहा था कि अगर हमसे किए वादे पूरे नहीं किए तो हमें सोचना पड़ेगा। मंत्री राजेन्द्र गुढा ने कहा था कि विधायकों को विलय के लिए मैंने तैयार किया था। क्योंकि मैं पुराना आदमी था, पहले मंत्री रह चुका था। सीएम अशोक गहलोत के बिहाफ पर काफी बातें कही थीं, भरोसा दिलाया था। इस धमकी का असर यह हुआ कि भरतपुर के नगर से विधायक वाजिब अली को राज्य खाद्य आयोग चेयरमैन और अलवर के तिजारा से विधायक संदीप यादव को भिवाड़ी शहरी आधारभूत विकास बोर्ड चेयरमैन के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। वैसे दोनों विधायकों को कोई वेतन भत्ते नहीं मिलेंगे। इससे पहले बोर्ड निगमों में चेयरमैन बनाए गए विधायकों को भी कैबिनेट या राज्यमंत्री का दर्जा नहीं दिया गया है। केवल गैर विधायक बोर्ड-निगमों के अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा और वेतन भत्ते मिल रहे हैं।

इधर राजस्थान में राजनीतिक पदों के रूप में केवल वेतन पाने वाले शक्तिविहीन उपाध्यक्ष भी नाराज हो गए हैं। राजस्थान यूथ बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक ने कहा कि सैलरी के लिए राजनीति में नहीं आया। हमें पद के हिसाब से ताकत मिलनी चाहिए। सुशील पारीक ने कहा कि हमसे ये कोई भी उपाध्यक्ष पैसे के लिए, यहां नहीं आया होगा। ऐसे में हम राजनीतिक लोग हैं और राजनीति करते हैं तो पद के हिसाब से ताकत और शक्तियां भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष पद की जो शक्तियां हैं वह सभी लोगों को समान रूप से मिलनी चाहिए ताकि हम जो कांग्रेस संगठन के लोग हैं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काम भी करवा सकें। पारीक ने कहा कि उनके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काम करवाना जरूरी है बजाय सैलरी और दूसरे माध्यम के।

पारीक ने कहा कि हम अब आगे भी सरकार बनाने के लिए अग्रसर हैं। सरकार की योजनाएं भी शानदार हैं और हमारी सरकार में अच्छे काम हो रहे हैं।

बता दें कि 19 जुलाई को उपाध्यक्षों के लिए वेतन के रूप में 30,000 रुपए, वाहन भत्ता या यात्रा भत्ते के रूप में 30,000 रुपए, आवास भत्ते के रूप में 10,000 रुपए और टेलीफोन या मोबाइल के भत्ते के रूप में 5000 रुपए समेत कुल 75,000 रुपए महीने तय किए है, वो भी मिलना शुरू नहीं हुए हैं।

सरकार की ओर से विभिन्न बोर्ड निगम और आयोगों में दीपचंद खेरिया, पंकज मेहता, सचिन सरवटे, सुमेर सिंह राजपुरोहित, डूंगराम गेदर, सतवीर चौधरी, राजेश टंडन, रामकिशोर बाजिया, सांवरमल मेहरिया, चुन्नीलाल राजपुरोहित, किशनलाल जेदिया, रमिला खड़िया, सुशील पारीक, चतराराम देशबंधु, जगदीश राज श्रीमाली, रमेश बोराणा, मंजू शर्मा, मानसिंह गुर्जर, कीर्ति सिंह भील, मीनाक्षी चंद्रावत, सुचित्रा आर्य, दर्शन सिंह गुर्जर और दिवाकर बैरवा को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा ने निकाली तिरंगा वाहन रैली

जयपुर। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को लेकर घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर मंगलवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर ने तिरंगा वाहन रैली निकाली। तिरंगा वाहन रैली को हर घर तिरंगा अभियान की सह संयोजिका, प्रदेश महामंत्री व सांसद दिया कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सांसद दीया कुमारी ने लोगों से आग्रह किया कि सभी लोग 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों व आफिसों पर तिरंगा फहराए। शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है उन्होंने हर घर झंडा फहराने की अपील की। जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत ने बताया कि 15 अगस्त को देश अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली में कुलवंत सिंह शहर महामंत्री, विमल कुमावत शहर उपाध्यक्ष, पुनीत कर्णावत उपमहापौर, अजयपाल सिंह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह शेखावत संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, रजनीत सिंह सोडाला, महेंद्र यादव, श्रवण बगड़ी, सहसंयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, दिनेश सैनी, महेंद्र सिंह पंवार, महेश सैनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

पूनिया और सिंह तिरंगा रैली में होंगे शामिल

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत देशभर में 20 करोड़ और प्रदेशभर में भाजपा का 50 लाख तिरंगा लगाने का लक्ष्य है। साथ ही तिरंगा रैलियों और प्रभात फेरियों का आयोजन भी प्रदेश के सभी जिलों में होगा। विभिन्न जिलों में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक व अन्य सभी जनप्रतिनिधि तिरंगा रैलियों और हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होंगे।

इसी क्रम में डॉ. सतीश पूनिया और राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह आमेर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को देवका हरवाड़ा स्थित श्री देवनारायण मंदिर से तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इसका दोपहर में रायथल पहुंचकर समापन होगा। आमेर विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा रैली का शुभारंभ बुधवार को सुबह देवका हरवाड़ा स्थित श्री देवनारायण मंदिर से होगा, जो चंदवाजी, अचरोल, बिलोंची, दौलतपुरा, टोड़ी मोड, रामपुरा टोल, जाहोता, जालसू, बल्लूपुरा और रायथल तक जाएगी।

राज्यपाल ने 'शौर्य कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया

राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को जवाहर कला केन्द्र में शौर्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर केन्द्र द्वारा तैयार करवाए गए मांडणा कलाकृतियों के एलबम और पंचतंत्र कथा मंजरी का लोकार्पण भी किया। इस दौरान कला एवं संस्कृति मंत्री बी.डी. कल्ला, पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता सहित अन्य कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

यात्री बसों में माल ढुलाई क्यों?

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में चलने वाली निजी बसों को माल ढुलाई का लाइसेंस देने का प्रावधान करने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की खंडपीठ अगले सप्ताह सुनवाई करेगी। मुस्कान खंडेलवाल की ओर से दायर इस जनहित याचिका में केंद्र सरकार के साथ ही राज्य के मुख्य सचिव, परिवहन आयुक्त और आरटीओ को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 27 जुलाई को एक नोटिफिकेशन जारी कर निजी यात्री बसों के लिए स्कीम जारी की है। इसके तहत यात्री बसें निर्धारित लाइसेंस लेकर माल की ढुलाई कर सकती हैं। याचिका में कहा गया कि ऑटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड के तहत बस बॉडी की छत पर परिवहन करना नियमों के खिलाफ है। इसके अलावा छत पर माल रखने या यात्रियों को बैठाकर बस चलाना जानलेवा साबित हो सकता है। अब तक ऐसी बसों से अब तक कई घटनाएं हो चुकी है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार करोड़ों रुपए कमाने के लिए लोगों की जान से खेल रही है।

प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश के हर घर पर लगेगा तिरंगा : दीया कुमारी

जयपुर। भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक देश के प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम करेंगी। अभियान की प्रदेश संयोजक, सांसद व प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राजस्थान में भी 50 लाख घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। यह अभियान किसी पार्टी विशेष का अभियान नहीं है, यह प्रत्येक व्यक्ति का, राष्ट्रीय अभियान है और इसमें मेरा मानना है कि जितना उत्साह जोश हमारी युवा पीढ़ी में दिख रहा है।

दीया कुमारी ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारा जो कानून था उसमें हम अपने घर पर तिरंगा नहीं लहरा पाते थे। उसमें भी मोदी सरकार बदलाव लाई है। आज हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम अपने घर पर तिरंगा लहरा पायेंगे। पहले केवल सूर्य उदय से सूर्यास्त तक ही झण्डा फहरा सकते थे, लेकिन अब आप उसे पूरा दिन, 2 दिन 4 दिन लहरा सकते हैं। ऐसी अब कोई पाबंदी नहीं रही, इस पाबंदी को दूर किया गया है। उसके अलावा पहले यह था कि हम लोग केवल खादी के ही झंडे लहरा सकते थे, लेकिन उसमें भी अब बदलाव किया गया हम पॉलिस्टर के, कॉटन के अन्य मटेरियल के झंडे लहरा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में हमारी पार्टी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किए जा रहे हैं। इस अभियान के अन्तर्गत बाइक रैली, वाहन रैली, पदयात्रा 9 से 12 अगस्त तक उसके बाद 11, 12, 13 अगस्त तक प्रभात फेरी का हमारा कार्यक्रम है।

सांसद दीया कुमारी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित किया।

बिजली कंपनियों के सलाहकार की गिरफ्तारी की मांग

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

जयपुर। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ ने राज्य सरकार से सातों बिजली कंपनियों के सलाहकार बनाए गए ए.के. गुप्ता की तत्काल प्रभाव से बर्खास्तगी की एवं गिरफ्तारी की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष डी. आर. राठौड़ ने आरोप लगाया कि गुप्ता ने विभिन्न पदों पर रहते हुए केंद्र सरकार से आए अरबों रुपए डकार लिए और गरीब आदमी तक सुधार कार्यक्रम का लाभ नहीं पहुंचने दिया। राज्य सरकार ने इन कंपनियों के मुखिया पद पर भ्रष्ट एवं अयोग्य तथा अकुशल अधिकारी ए.के. गुप्ता को एमडी जयपुर डिस्कॉम जोधपुर डिस्कॉम और बाद में सातों कंपनियों में निदेशक एवं राज्य सरकार के ऊर्जा सलाहकार पद पर नियुक्त कर भ्रष्टाचार पर मुहर लगा दी है जबकि गुप्ता के भ्रष्टाचार की परतें एवं काले कारनामे फाइलों में दबे हुए हैं। इस भ्रष्ट अधिकारी को सरकार का संरक्षण होने से वह बेखौफ होकर अपने काले कारनामे को अंजाम दे रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की आरएपीडीआरपी एवं एससीएडीए योजनाओं में कंपनियों को अरबों रुपए की राशि मिली थी जिसकी क्रियान्वयन के लिए, जो निविदाएं निकाली गई व कार्य आदेश दिए गए थे इनमें गुप्ता ने बतौर जोधपुर डिस्कॉम एमडी जो भ्रष्टाचार किया, उसका परिवाद एसीबी में दर्ज हुआ जो आज भी लंबित है। जयपुर डिस्कॉम द्वारा केंद्र सरकार के आईडीपीएस डीडीयूजिजेवाई के क्रियान्वयन के लिए जारी निविदा व कार्यादेशों में भी ए.के. गुप्ता द्वारा एमडी जयपुर डिस्कॉम के पद पर की गई अनियमितताओं की जांच एसीबी में 110 करोड़ एवं 55 करोड़ की राशि का भ्रष्टाचार करने पर दो परिवाद दर्ज हुए हैं। यह प्रकरण स्वास्तिक इलेक्ट्रिकल्स एवं फर्जिलाइजर मोतीलाल अटल रोड जयपुर वह मैसेज गैलेक्सी कोनकेब प्रथम सीतापुरा जयपुर से संबंधित है। इन दोनों फर्मा के हाथ में लिया है। जिसमें आज तक क्रमश 95.16 करोड़ रुपए 14.13 करोड़ के कार्य आदेश दिए गए हैं। दूसरी फर्म मैसर्स गैलेक्सी कोनकेब को आईपीडीएस स्कीम में शहर उत्तर जीसीसी में कार्य करने हेतु 43. 62 करोड़ 1224 करोड़ के कार्य आदेश दिए गए थे। इन फर्मों में पुराना सामान नहीं उतारा था।

भाजपा ने किया कमेटी का गठन

जयपुर। जालौर में संत रघुनाथ महाराज के आत्महत्या प्रकरण की तथ्यात्मक जांच के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के निर्देशानुसार उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह जांच समिति बुधवार को घटनास्थल का दौरा करेगी और तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रदेशाध्यक्ष पूनियां को सौंपेगी। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सचेतक एवं विधायक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व संसदीय सचिव जोगाराम पटेल को बनाया है। वही समिति के साथ जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद एवं जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

'जेडीए को व्यापक लोक हित में नीलामी रद्द करने का अधिकार है'

- अधिकरण ने टोंक रोड पर बजरी मंडी और ईपी के पास स्थित भूखंड की नीलामी को रद्द करने की जेडीए की कार्रवाई को सही माना

जयपुर, (का.सं.)। जेडीए अपीलीय अधिकरण ने टोंक रोड पर बजरी मंडी और ईपी के पास स्थित भूखंड की नीलामी को रद्द करने की जेडीए की कार्रवाई को सही माना है। अधिकरण ने कहा कि जेडीए व्यापक लोक हित में संपत्ति का ज्यादा मूल्य प्राप्त करने के लिए नीलामी को रद्द करने का अधिकार रखता है। मौजूदा मामले में नीलामी प्रक्रिया में सिर्फ दो लोगों ने भाग लिया था। इसके अलावा भूखंड के मुख्य क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद इसकी उच्चतम बोली नहीं मिली। ऐसे में जेडीए विशेषाधिकार के तहत नीलामी को रद्द कर सकता है। अधिकरण ने यह आदेश संदीप कुमार की अपील को खारिज करते हुए दिए। अधिकरण ने कहा कि याचिकाकर्ता एक माह में जेडीए के विशेषाधिकारी को अपना बैंक का विवरण दे और जेडीए उस राशि छह फीसदी ब्याज सहित लौटा दे।

दरअसल अपील में अपीलार्थी ने जेडीए के 26 सितंबर 2018 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उच्चतम बोलीदाता होने पर भी उसके पक्ष में हुई नीलामी रद्द कर दी गई थी। जवाब में जेडीए की ओर से कहा गया कि नीलामी रद्द करने के आदेश को दो साल बाद अधिकरण में चुनौती दी गई है। इससे पहले उसने जेडीए की कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन वहां याचिका खारिज होने की संभावना पर उसे वापस ले लिया था। ऐसा करना विधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। जेडीए को किसी भी नीलामी प्रक्रिया में उच्चतम बोली को मंजूर या अस्वीकार करने का विशेषाधिकार है। इस नीलामी में भी जेडीए को आरक्षित दर से 200 रुपए ही ज्यादा राशि मिल रही थी और यह बोली मिश्रित उपयोग के लिए प्राप्त हुई थी। ऐसे में लोक हित में जेडीए इस भूखंड की व्यावसायिक उपयोग के लिए नीलामी करेगा।

LOST FOUND

We have lost Bank Guarantee No. 309101GL000222 Dated 01.01.2022 of Rs. 7 Lacs Given by M/s Harish Medical Agencies 5393 Nicholson Road Ambala Cantt-133001 issued to M/s SKCC Herbels opc pvt ltd. G-992 Sitapura Jaipur-302020 Due to office shiffting. If found plz inform.

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम लोकेश गिरधारीलाल शर्मा से बदलकर लोकेश शर्मा पुत्र श्री गिरधारी लाल शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे लोकेश शर्मा के ना से जाना पहचाना जावें। पता-प्लाट नं. 83, ग्राउण्ड फ्लोर, मंगलम आंगन विलास, अजमेर रोड, महापुरा, जयपुर

I Monika Chaudhary W/o Shri Pawan Sharma declare that in my old passport my name is Monika Sharma mentioned while my correct name is Monika Chaudhary. I am the same person of both the above names so in future I should be known by Monika Chaudhary R/o Plot No. 85 Nirman Nagar-AB Jaipur.

जयपुर से तिरंगा सम्मान यात्रा रवाना

- 14-15 अगस्त को लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के बाहर होगा तिरंगे का पूजन

जयपुर, (का.सं.)। भारत की आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जयपुर की "संस्कृति युवा संस्था" और "राजस्थान एसोसिएशन यूके" ने संयुक्त रूप से एक अद्भुत और अनूठा कार्यक्रम हाथ में लिया है। जिसमें आज चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में प्रातः11 बजे विद्वानो पण्डितों द्वारा संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा एवं सपत्नीक नीलम मिश्रा ने तिरंगे की विधि विधान से पूजा अर्चना की और विद्वान पण्डितों ने देवताओं का आह्वान कर देश में सुख शांति की प्रार्थना की। इसके बाद तिरंगे झण्डे की आरती की गई।

इस अवसर पर सैकड़ो धर्मावलम्बियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाये। कार्यक्रम के आयोजक संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके है और इस आजादी को पाने के लिये हमारे लाखों शहीदों ने बलिदान दिया और एक लम्बा संघर्ष आजादी पाने के लिये हमें करना पड़ा। इस आजादी को 75वें वर्ष में 15 अगस्त 2022 को लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के बाहर जयपुर से रवाना होकर यह तिरंगा लंदन पहुंचेगा।

जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर में विद्वानो पण्डितों ने तिरंगे की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद तिरंगे झण्डे की आरती की गई।

इसके पूर्व इस तिरंगे को अमृतसर में जलियांवाला बाग के लिये रवाना करेंगे। वहां 12 अगस्त को तिरंगे की पूजा अर्चना और शहीदों को नमन का कार्यक्रम होगा। उसके पश्चात 13 अगस्त को यह तिरंगा लंदन के लिये रवाना होगा। जिसे 15 अगस्त को लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के बाहर राजस्थान एसोसिएशन, यूके के पदाधिकारी आलोक शर्मा खंडेलवाल और उनकी टीम ढाढणिया फहराएंगे और लंदन के समयानुसार सुबह 10:30 बजे झंडारोहण करेंगे।

इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एच.सी. गणेरिया, पं. पुरुषोत्तम गौड़, रामकिशोर डेरेवाला, राजीव खीचड़, दिलीप पूलिया, अनुभव चौधरी, हरेन्द्र सिंह जोधा, अजय जयपुर युवा महिला अध्यक्ष पूजा शर्मा, मनोज मिश्र, अरविन्द मिश्र, विजय भास्कर, राजेश शांडिल्य, नरेन्द्र शर्मा, पवन गौड़, गौरव गणेरिया, जितेन्द्र टांक, करण डाबी, निखिल मिश्रा, विमल बज पार्षद करण शर्मा, पूर्व चैयरमेन कमल वाल्मिकी, पप्पू श्रीमाल, सर्व ब्राह्मण महासभा की प्रदेशाध्यक्ष सविता शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

"आजादी गौरव पदयात्रा" आज

जयपुर। देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पीसीसी के आह्वान पर 10 अगस्त को "आजादी गौरव पदयात्रा" आयोजित की जा रही है। स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी एवं कांग्रेस नेताओं के अमिट योगदान का स्मृति गौरव उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा में जयपुर शहर के विधायक एवं विधायक प्रत्याशी, सांसद प्रत्याशी, पीसीसी पदाधिकारी-सदस्य, मेयर-डिप्टी मेयर शामिल होंगे।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत–तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या:- 0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 6/MB/214 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 128.000 वर्ग मीटर का आवंटन श्री गौरी शंकर गर्ग पुत्र श्री कुरड़ा राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3520 दिनांक 27.06.2011 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 23.12.2011 को करवाया गया। श्री गौरी शंकर गर्ग की मृत्यु दिनांक 29.04.2021 को हो जाने के पश्चात् श्रीमती रतनी देवी गर्ग पत्नी स्व.श्री गौरी शंकर गर्ग के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती रतनी देवी गर्ग पत्नी स्व. श्री गौरी शंकर गर्ग के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रतापनगर, जयपुर
क्रमांक:-6701 दिनांक:-8.8.2022
जाहिर आम -सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 83/28 (MIG-B) का आवंटन श्री जगदीश चन्द्र परिहार पुत्र श्री श्रीराम परिहार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4096 दिनांक 30.03.2001 को जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री जगदीश चन्द्र परिहार ने अपनी सहमति व आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत उक्त आवास अपनी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार का नाम जोडने हेतु निवेदन करने पर इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 117 दिनांक 11.04.2002 के द्वारा श्री जगदीश चन्द्र परिहार एवं श्रीमती शान्ता परिहार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज किया गया।
श्री जगदीश चन्द्र परिहार की मृत्यु दिनांक 06.06.2006 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत्त- प्रथम, प्रतापनगर, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रतापनगर, जयपुर
क्रमांक:-6700 दिनांक:-8.8.2022
जाहिर आम -सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 83/26 (MIG-B) का आवंटन श्री जगदीश चन्द्र परिहार पुत्र श्री श्रीराम परिहार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4097 दिनांक 30.03.2001 को जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री जगदीश चन्द्र परिहार ने अपनी सहमति व आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत उक्त आवास अपनी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार का नाम जोडने हेतु निवेदन करने पर इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 116 दिनांक 11.04.2002 के द्वारा श्री जगदीश चन्द्र परिहार एवं श्रीमती शान्ता परिहार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज किया गया।
श्री जगदीश चन्द्र परिहार की मृत्यु दिनांक 06.06.2006 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती शान्ता परिहार पत्नी स्व.श्री जगदीश चन्द्र परिहार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत्त- प्रथम, प्रतापनगर, जयपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)
कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/2023-24 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-01.08.2022
श्रीमती रेणु राज सैनी पत्नी श्री मदन लाल सैनी, जाति माली, श्री श्याम कॉलोनी वार्ड नं. 12, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.12 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में आम रास्ता, पश्चिम में सिनेमा हॉल, उत्तर में रामजीवण चौधरी के गोदाम एवं दक्षिण में प्लाट नं. 27 होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 22'-0" एवं उत्तर-दक्षिण 25'-0" होकर कुल रकबा 51.09 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 01.08.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

स्वीकृति नहीं मिलने पर मालपुरा में रद्द किया ताजिया का जूलूस

प्रशासन द्वारा तय किये नवीन मार्ग को नहीं किया स्वीकार

मालपुरा, (निसं)। मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम पर निकाले जाने वाले ताजिया जूलूस के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा परम्परागत मार्ग से स्वीकृति नहीं देने तथा नवीन मार्ग से भी सशर्त जारी स्वीकृति के बाद नागोरी, देशवाली व हम्माल समाज के लोगों ने प्रशासन द्वारा तय किये नवीन मार्ग को अस्वीकार कर ताजिये का जूलूस रद्द कर दिया।

मालपुरा शहर को छोड़ क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह, पचेवर, डिग्गी में मुस्लिम समाज के लोगों ने मातमी धुनों के साथ ताजिये का जूलूस निकाल दर्जनों स्थानों पर युवाओं ने पट्टेबाजी करते हुए देर शाम ताजिये को कर्बला में सुपुर्द ए खाक किया। ग्रामीण क्षेत्र में निकले ताजिये को देखने के लिए शहर से बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बी पहुंचे। मालपुरा शहर में आये दिन होने वाली साम्प्रदायिक तनाव की घटनाओं पर अंकुश लगाने के नाम पर हिन्दु समाज के दशहरा व कावड यात्रा सहित मुस्लिम समाज के ईद व मोहर्रम के जूलूसों के परम्परागत मार्गों को बदल स्वयं द्वारा नवीन मार्ग निर्धारित कर उन्हीं मार्गों से दोनों समुदाय के जूलूस निकाले जाने के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेज लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन स्वयं द्वारा तय किये गये नवीन मार्गों से दोनों ही समुदाय के जूलूस निकलवा अपनी योजना को अमलीजामा पहनाने में विफल रहा।

प्रशासन द्वारा तय किये गये नवीन मार्ग को दोनो ही समुदाय के लोग लगातार यह कहते हुए अस्वीकार करते आ रहे हैं कि हमारे पूर्वजों द्वारा जूलूस व यात्राओं के मार्ग तय किये गये थे उन्हीं से परम्परा का निर्वहन होगा। यदि इन आयोजनों के दौरान शरारती तत्वों द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास किये जाते हैं तो ऐसे शरारती तत्व व हुडदंगियों की पहचान कर तत्काल पुलिस सख्त कार्यवाही करे। शरारती तत्व व हुडदंगियो पर कार्यवाही के बजाय प्रशासन द्वारा जूलूस व यात्राओं का मार्ग बदलना समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। शहर में ताजिये का जूलूस रद्द किये जाने के बावजूद सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने एसटीएफ जवानो के साथ फलैगमार्च किया।



मालपुरा मे शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर एसडीएम आरके वर्मा, एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने एसटीएफ बटालियन के साथ फ्लैगमार्च किया।

- **पचेवर, डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह में मातमी धुनों पर निकले ताजिये**

दो गुमशुदा बच्चों की गड्ढे में मिली लाश

गड्ढे में डूबने के पीछे साजिश या हादसा, पुलिस कर रही जांच

बस्सी, (निसं)। उपखंड बस्सी क्षेत्र के कानोता थाना इलाके में मंगलवार सुबह पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। गडढे में डूबने के पीछे कोई साजिश या हादसा पुलिस इस मामले की तहकीकात में जुटी है।

जानकारी मुताबिक जिन दो बच्चों के शव एक कॉलोनी में प्लॉट के निर्माण कार्य हेतु खोदे गए पानी से भरे गड्डे में मिले, वे दोनों ही बच्चे सोमवार दोपहर से ही अपने घर से लापता थे। इन दोनों बच्चों के शव कनोता थाना इलाके के अमरविहार कॉलोनी में मिले हैं। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। कुछ ही समय पर बच्चों को ढूंढ रहे परिजन भी मौके पर पहुंचे।

मौके पर पहुंची कानोता थाना पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान 12 वर्षीय आशु और 12 वर्षीय चंदन के रूप में हुई है। ये दोनों ही बच्चे इसी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। सोमवार दोपहर 3 बजे से बच्चे लापता थे। इस सम्बंध में कानोता थाने में दोनों बच्चों की गुमशुदगी भी दी गई थी। उसके बाद से परिजन और पुलिस भी दोनों बच्चों की तलाश कर ही थी। आशु के पिता प्रेमसिंह ने बताया कि आशु रक्षाबंधन से पहले अपनी बड़ी बहन 14 वर्षीय गौरी को रोता हुआ छोड़ गया। चंदन और आशु अच्छे दोस्त थे। कॉलोनी में ही एक प्लाट में जेसीबी से गड्ढा खुदवाने पर उसमें पानी भरा हुआ था। ये बच्चे खेलते हुए उसके पास पहुंचे जिसके बाद यह हादसा हुआ।

बस्सी एसीपी मेघचंद मीणा ने बताया कि पूरे मामले जांच की जा रही है। मामले की जांच के बाद ही पूरा खुलासा हो पाएगा।

एक लाख से भरा बैग ले भागा युवक

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह कस्बे में एक मोबाईल की दुकान से काउंटर पर रखे सेवानिवृत शिक्षक के एक लाख रूपयों से भरे बैग को अज्ञात युवक द्वारा ले भागने का मामला दर्ज कराया गया।

अलियारी निवासी सेवानिवृत शिक्षक अम्बालाल सैनी ने दी रिपोर्ट में बताया कि एसबीआई बैंक शाखा से एक लाख रूपये निकलवा थैले में रख पास ही मोबाईल की दुकान पर अपना मोबाईल ठीक करवाने पहुंच थैले को काउंटर पर रख परिचित से बातचीत के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा रूपयों से भरा बैग ले भागने की घटना के बाद आस-पास गहन तलाशी की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की।

आठ किलो पोस्त के साथ तस्कर को पकड़ा

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के रावला इलाके में आठ किलो पोस्त के साथ तस्कर को पकड़ा गया। आरोपी पैदल ही पोस्त लेकर आ रहा था। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया और रास्ता बदलकर भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने भागकर उसे पकड़ लिया। उसके पास मिले थैले में से आठ किलो पोस्त मिला।

पुलिस ने डोडा-पोस्त के साथ कुलदीप सिंह पुत्र सुंदर सिंह को पकड़ा है। पुलिस टीम सामान्य गश्त पर थी। इस दौरान रावला से 365 हैड की तरफ जाते हुए टीम 15 केएनडी की तरफ पहुंची थी। केएनडी नहर के पास एक आदमी हाथ में थैला लेकर आ रहा था। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह घबरा गया और नर्सरी की तरफ भागने लगा। पुलिस ने जीप से पीछा कर उसका नाम-पता पूछा। वह बारह केएनडी का रहने वाला है। फिलहाल 13 केएनडी में रहता है। थैले के बारे मे पूछने पर बहाने बनाने लगा। तलाशी लेने पर थैले में से पोस्त मिला।

आरोपी के पास पोस्त मिलने पर उसे थाने लाकर सप्लायर के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है। वह पोस्त कहां से लेकर आया और इसे किसे सप्लाई करने जा रहा था, इसके बारे में अभी जानकारी जुटाई जा रही है।

- **पुलिस को देखकर भागा तो हुआ शक, थैले में मिला डोडा-पोस्त**

लैपर्ड के दिखने से फैली सनसनी

करौली के बड़ा पांचना पुल पर लैपर्ड कैमरे में कैद हो गया।

करौली (नि.स.)। शहर के करौली-हिण्डौन मार्ग स्थित बड़ा पांचना पुल पर आबादी क्षेत्र में लेपर्ड दिखने से सनसनी फैल गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पग मार्क जुटाने का प्रयास कर रही है। साथ ही लेपर्ड के मूमेन्ट पर भी नजर रखी जा रही है।

मंगलवार को प्रातः 4:35 पर एक कार करौली से भरतपुर की ओर जा रही थी। कार में सवार नासिर खान को बड़ा पांचना पुल की सड़क पर सामने से आता लेपर्ड दिखाई दिया। जो कार की रोशनी को देखकर पांचना पुल की चारदीवारी पर चढ़ कर तेजी से निकल गया। लेपर्ड का इस दौरान नासिर खान ने एक वीडियो भी बनाया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम बड़ा पांचना पुल क्षेत्र में पहुंची और दिन भर लेपर्ड के पगमार्क जुटाने में लगी हुई थी। करौली उप वन संरक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर टीम भेजी है और पगमार्क्स जुटाने तथा लेपर्ड के मूवमेंट पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

बिलाड़ा क्षेत्र में बिजली गिरने से दो चरवाहों की मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में एक बार फिर मानसून पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहा है। मंगलवार को दोपहर करीब बारह बजे हुई तेज बारिश से पूरा शहर पानी पानी हो गया। आधा घंटे हुई बारिश के बाद धूप भी निकल गई। इससे पूर्व सोमवार रात को बिलाड़ा क्षेत्र के पड़ासला कलां गांव में बिजली गिरने से दो चरवाहों की मौत हो गई।

सोमवार को हालांकि जोधपुर शहर में हलकी बूंदाबांदी ही हुई मगर लोहावट व लूणी में भारी बारिश हुई। दोनों चरवाहे भेड़ें चराते समय बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े थे।

बिलाड़ा थानाधिकारी बाबूलाल राणा ने बताया कि सोमवार शाम गुजरावास निवासी 42 वर्षीय जस्साराम पुत्र मोडाराम देवासी व 44 वर्षीय बिरमाराम पुत्र भुंडाराम खेत में भेड़ चरा रहे थे। इस दौरान बारिश शुरू हो गई। दोनों वहां एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गई। खेत में जोरदार धमाके की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो दोनों मृत अवस्था में जमीन पर पड़े मिले।

जोधपुर में कल शाम एक बार बारिश का जोरदार मौसम बना, लेकिन बादल जोधपुर पहुंचने से पहले लूणी में जमकर बरस कर रह गए। लूणी में 64 एमएम बारिश दर्ज की गई। झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया। शहर में दिन का तापमान 34.6 डिग्री रहा।

- **लूणी में 64 एमएम बारिश दर्ज की गई, खेतों में पानी भर गया**

भतीजे ने किया खुद के ताऊ का कत्ल

राजगढ़ थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी अंकित कुमार को गिरफ्तार किया।

सादुलपुर, (निसं)। दिव्यांग व्यक्ति की धारदार हथियार से निर्मम हत्या करने के मामले में राजगढ थाना पुलिस ने चंद घंटों बाद ही आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार शाम को प्रेस कान्फ्रेंस कर पुलिस ने हत्या का पर्दाफाश करते हुए मृतक के सगे भतीजे अंकित कुमार को गिरफ्तार किया जाना बताया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने मृतक विजय सिंह के उसकी माता के साथ अवैध संबंधों के कारण हत्या करना स्वीकार किया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रेलवे कॉलोनी के आस-पास क्षेत्रों में ही घूमता रहा तथा बाद में रेलवे स्टेशन पर किसी ट्रेन में सवार होकर फरार होने की कोशिश करते समय पुलिस ने आरोपी को रात को ही दबोच लिया।

घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल की फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी करवाई तथा चूरू से एफएसएल टीम को बुलाया तथा साक्ष्य जुटाए। थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि देर शाम को मृतक के भाई धन सिंह निवासी नवां ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का अपने छोटे भाई विजय सिंह के रूप शिनाख्त की।

8 अगस्त को सूचना मिली कि उसके भाई विजय सिंह की किसी ने हत्या कर दी है, जिसका का शव लोको कॉलोनी में संजय के घर पर पडा है। सूचना पर उसके चाचा के लडके कुलदीप व कृष्ण कुमार के साथ संजय के मकान पर सादुलपुर पहुंचे तो देखा संजय के मकान के अंदर हॉल में चारपाई पर उसके भाई विजय सिंह का खून से लथपथ शव पडा है। हमने पता किया तो जानकारी मिली की अंकित दोपहर से ही गायब है। वहीं दर्ज मामले में धन सिंह ने बताया था कि उसके भतीजे तथा भाई विजय सिंह की पहले से ही आपस में बोलचाल हुई थी। मुझे शक है कि मेरे भतीजे अंकित ने मेरे भाई विजय सिंह की हत्या की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

प्राप्त सूचनाओं का तकनीकी विश्लेषण कर घटना के चंद घंटों बाद ही आरोपी अंकित कुमार निवासी नवां तहसील राजगढ जिला चूरू हाल निवासी वार्ड नंबर 18 दुर्गा कॉलोनी को गिरफ्तार कर किया गया तथा आरोपी अंकित कुमार द्वारा घटना करना स्वीकार करते हुए अपने ताऊ विजय सिंह की हत्या करना स्वीकार किया है।

- **मां के साथ अवैध संबंधों के चलते दिया वारदात को अंजाम**
- **चन्द घंटो में आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया**
- **ट्रेन में सवार होकर फरार होने की कोशिश करते समय पुलिस ने आरोपी को रात को ही दबोच लिया**

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

जालोर, (कासं)। पिछले तीन दिनों से नंदगांव में चल रहे विस्तारक प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। समापन समारोह में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुणसिंह और प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने शिरकत की।

- **प्रदेश प्रभारी और प्रदेशाध्यक्ष सहित कई जनों ने दी उपस्थिति**
- **कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की समस्याओं पर संवाद किया गया**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया (बीच में) के आबूरोड से रेवदर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दौरान प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने विस्तारक जाने वाले कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया की भाजपा का संगठन दिनों-दिन मजबूत हो रहा हैं। सैंकडों कार्यकर्ता पूर्व में भी विस्तारक गए है और आज भी जाने के लिए तैयार हैं। आज देश की युवा शक्ति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों में अपना सहयोग देने के लिए आतुर है।

दूसरे सत्र में प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर जोशी ने कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। विस्तारक जाने वाले कार्यकर्ताओं के सामने क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के संबंध में संवाद किया गया। कार्यक्रम के समारोप सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री एवम प्रदेश प्रभारी अरुणसिंह मौजूद रहें। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक संरचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की आज भाजपा जो विश्व के सबसे बडे राजनैतिक दल के रूप में विकसित हुई हैं, वह सदियों की अथक मेहनत का परिणाम है।

समापन समारोह के बाद जालोर एवम् सिरोही जिले की संयुक्त बैठक प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें संगङ्गनात्मक संरचना की जानकारी ली एवम् आगामी हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रानीवाडा विधायक नारायणसिंह देवल, प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पुनियां, प्रशिक्षण वर्ग प्रदेश संयोजक राजेश गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सांवलाराम देवासी, वन्नेसिंह गोहिल, जालोर जिला संगठन प्रभारी महेन्द्र बोहरा, जालोर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, सिरोही जिलाध्यक्ष नारायणलाल पुरोहित, सियाना विधायक हमीरसिंह धायल, रेवदर विधायक जगसीराम कोली, पिंडवाडा - आबू विधायक समाराम गरासिया, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सांचौर पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, सांचौर विधायक प्रत्याशी दानाराम चौधरी सहित कई भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

रींगस वृत्ताधिकारी निलंबित

जयपुर। पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर ने मंगलवार देर रात को एक आदेश जारी कर रींगस वृत्ताधिकारी सुरेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ एक मामले में जांच प्रस्तावित है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस महानिदेशक कार्यालय जयपुर रहेगा।

फायरिंग में महिला घायल

भरतपुर, (निसं)। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र की बुद्ध की हाट में पड़ोसी से किसी विवाद को लेकर झगड़ा इतना बढ़ गया कि घर में घुसकर फायरिंग व मारपीट की गई। इस मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर मथुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित पक्ष ने इस घटना को लेकर मामला दर्ज करवाया है।

हालांकि दूसरे पक्ष की ओर से अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। रिपोर्ट में बताया है कि नौ अगस्त की दोपहर करीब एक बजकर 15 मिनट पर घर पर ही था और बच्चे भी उपस्थित थे। जैसे ही पत्नी स्कूल से पढ़ाकर आई तो संजय व अन्य ने एक राय होकर घर में प्रवेश किया। इन्होंने घर में घुसकर फायरिंग की। साथ ही घर के दरवाजे तोड़ दिए। गेट के बाहर खड़ी बाइक को तोड़ दिया। मेरे व पत्नी से मारपीट की।

जेईई-एडवांस्ड के आवेदन की अंतिम तिथि कल

कोटा, (निसं)। जेईई-मेन के आधार पर शीर्ष चुने गए ढ ाई लाख विद्यार्थी एडवांस्ड परीक्षा के लिए पात्र घोषित किए गए हैं। ये विद्यार्थी अब बड़ी संख्या में जेईई-एडवांस्ड के लिए आवेदन करते दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष आईआईटी बॉम्बे द्वारा 28 अगस्त को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा दो पारियों में होगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड के आवेदन के दौरान वे विद्यार्थी परेशानी का सामना कर रहे हैं, जिन्होंने आवेदन प्रक्रिया में सभी चरणों को पूर्ण कर फीस का भुगतान भी कर दिया है, परन्तु उनकी आवेदन शुल्क अभी भी पेंडिंग बता रहा है। विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड वेबसाइट पर एडवांस्ड के लिए 11 अगस्त शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान ऐसे विद्यार्थियों को जेईई-एडवांस्ड द्वारा राहत दी गई जिनके पास ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस कैटेगरी का प्रमाण पत्र 1 अप्रेल 2022 के बाद का उपलब्ध नहीं है। इन सभी विद्यार्थियों को आवेदन के दौरान कैटेगरी दस्तावेज को अपलोड करने के स्थान पर डिक्लेरेशन के माध्यम से आवेदन करने का मौका दे दिया है। ये सभी विद्यार्थी जोसा काउंसलिंग के दौरान सीट आवंटन होने पर अपनी कैटेगरी सर्टिफिकेट को जमा करवा सकता है। डिक्लेरेशन का प्रारूम जेईई-एडवांस्ड के इनफोर्मेशन बुलेटिन से डाउनलोड किया जा सकता है। एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम 11 सितम्बर को जारी किया जाएगा।

जमीन विवाद में पांच घायल

बयाना, (निसं)। बयाना पुलिस वृत के थाना गढीबाजना क्षेत्र के गांव तरसूमा में एक ही परिवार के दो पक्षों में आपसी विवाद के चलते आपस में हुई मामूली कहासुनी ने ऐसा तूल पकड़ा कि देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी भाटा जंग हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के पांच जने घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बयाना के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और घायलों के पर्चा बयान दर्ज कर मेडिकल कराया। पुलिस हैडकांस्टेबल ब्रजेन्द्र शर्मा ने बताया कि झगडे में घायल हुए प्रकाशचंद, भैरोसिंह, गुनेषवती व दूसरे पक्ष के जीतेन्द्र एवं रामवीर को अस्पताल में भर्ती कराया है।

चौदह घंटों की मशक्कत के बाद जोधपुर-जैसलमेर रेल मार्ग यातायात के लिए खुला

जोधपुर, (कासं)। पानी के तेज बहाव के कारण रेल पटरियों के नीचे से मिट्टी खिसकने से अवरुद्ध जोधपुर - जैसलमेर रेल मार्ग सोमवार देर रात दुरुस्त करवा लिया गया है।

तेज बारिश,दलदल और संकडे रास्ते के बावजूद ट्रेक के रखरखाव का कार्य पूरा होने के साथ ही जोधपुर-जैसलमेर- जोधपुर रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही फिर से प्रारंभ हो गई है।

उत्तर- पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के जैसलमेर सेक्शन लोहावट-शैतानसिंह नगर रेलवे स्टेशनों के बीच पश्चिमी ढाणी स्थित रूपाणा-जेताणा गांव में सोमवार सुबह खेतों में से बहकर तेज बहाव से आई एक छोटी नदी ने तीन जगहों से रेलवे ट्रेक के नीचे से मिट्टी बहा दी। जिससे रेल पटरी हवा में झूल गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही इस मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया और जोधपुर डीआरएम गीतिका पांडेय ने जोधपुर से इंजीनियरों की टीम प्रभावित स्थान के लिए रवाना की और दोपहर में स्वयं भी विशेष ट्रेन वहां पहुंची।

पांडेय ने बताया कि शैतान सिंह नगर 111 किलोमीटर 9/111 के नीचे से पानी के तेज बहाव के कारण तीन स्थानों पर मिट्टी बह गई थी जिसे राहत कार्य में लगी टीम ने जेसीबी व पौकलेंड मशीनों के माध्यम से सीमेंटेड पाइप डालकर दुरुस्त करते हुए पानी की निकासी का मार्ग बना दिया है। उन्होंने बताया कि इस तरह की अत्यधिक समस्या वाले स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है जहां स्थाई रूप से पुल बनाने का प्रस्ताव रेलवे मुख्यालय को भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि जोधपुर संभाग में तेज बारिश की चेतावनी के मद्देनजर डीआरएम ऑफिस में इसके लिए एक कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है। इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मुकेश कुमार मीणा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम)अंशुल सारस्वत, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी(आरपीएफ) अनुराग मीणा, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अशोक कुमार मीणा, जैसलमेर सहायक बिजली अभियंता पी एस अधिकारी, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी अनिल मोदी, यातायात निरीक्षक हेमंत शर्मा, महेंद्र सिंह सब्बरवाल, राजकुमार जोशी, चिकित्सा अधिकारी आयुष गहलोत व यातायात निरीक्षक आर एस नेण समेत बड़ी संख्या में अधिकारी निरीक्षक और आरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

खुद डीआरएम तेज बरसात के बावजूद मौके पर मोर्चा संभाले रही। इस दौरान अनेक ग्रामीण भी उपस्थित थे।

लोहावट - शैतान सिंह नगर रेल मार्ग के दुरुस्त होने का फिट सर्टिफिकेट रात दस बजे जारी होने के बाद सबसे पहले लोहावट से फलोदी की ओर एक मालगाडी का संचालन किया गया जो प्रभावित स्थान से दस किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से सफलतापूर्वक निकाली गई।

- **'समस्या वाले स्थलों को चिन्हित कर स्थाई पुल बनाने का प्रस्ताव रेलवे मुख्यालय को भेजा जाएगा'**

ढोल-ताशों की मातमी धुन के साथ शहर में निकला ताजियों का जुलूस

अभ्रक, चांदी के वर्क और झाड़वाले शीशे लगे ताजिये रहे आकर्षण के केन्द्र

मोहर्रम के मौके पर विभिन्न मोहल्लों के इमामबाड़ों में निकले ताजिये मंगलवार सुबह 4 बजे मातमी धुनों के साथ बड़ी चौपड़ पर इकट्ठा हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

जयपुर (कासं)। मोहर्रम के मौके पर शहर के विभिन्न मोहल्लों के इमामबाड़ों में मंगलवार को इमाम हुसैन की याद में ढोल-ताशों की मातमी धुन के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। वैश्विक महामारी के मद्देनजर 2 साल बाद ताजियों की रौनक शहर में बिखरी। सेंट्रल हिलाल कमेटी के कन्वीनर और राजस्थान चीफ काजी खालिद उस्मानी ने समाजजनों से सौहार्द कायम रखने की अपील की।

- **इमाम हुसैन की कर्बला में शहादत को यौम-ए-आशूरा के रूप में मनाया**

रामगंज, चांदपोल समेत अन्य जगहों से तकरीबन 350 ताजिए बड़ी चौपड़ पहुंचे, यहां से शाम को हजरत इमाम हुसैन के रोजे के प्रतीक रूप में बनाए अभ्रक, चांदी के वर्क और झाड़वाले शीशे लगे इन ताजियों को रामगढ़ मोड स्थित कर्बला मैदान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दिन को इमाम हुसैन की कर्बला में शहादत को यौम-ए- आशूरा के रूप में मनाया गया। इससे पहले जंजीरे मातम के साथ सीनाजनी हुई। उधर मोहर्रम के दिन रोजे, इबादत कर दान-पुण्य किया गया। दोपहर परकोटे समेत अन्य जगहों पर ताजिए का जुलूस निकाला गया, जहां दस्तारबंदी की गई। ताजिए के जुलूस के दौरान पुलिस का समुचित जाप्ता तैनात रहा।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार प्रातः 8 बजे शिया जामा मस्जिद में आमाने आशूरा हुआ। प्रातः 9 बजे मेहरों की नदी स्थित शेरपुर हाउस में मजलिस हुई। ताजियों का जुलूस मोहल्ला पन्नीगरान, बांदरी का नासिक, चार दरवाजा, गंगापोल होते हुए कर्बला पहुंचा। जुलूस में शिया अंजुमन मिलकर जंजीरे मातम कर हजरत इमाम हुसैन को खिराजे अकीदत पेश की। इसके बाद ताजियों को सुपुर्द-ए- खाक किया गया। रात 8.30 बजे शिया इमाम बारगाह शाम-ए-गरीबा की मजलिस हुई।

मन की मुराद पूरी होने पर नंगे पांव, हरे रंग की टोपी पहन, मन्नत की हाजिरी देकर माला पेश करते और सेहरा बांध दुआ करते अकीदतमंद दिखाई दिए। फजर की नमाज से पहले मोहल्लों में ताजिए रखे गए। ताजिए के जुलूस के दौरान पुलिस का समुचित जाप्ता तैनात रहा।

मोहर्रम पर लाखों रुपए के ताजियों की खास कशिश रही। खासतौर से रियासतकालीन मोहल्ला मावतान का सोने का ताजिया, घाटगेट स्थित बड़े पार्क का चांदी का ताजिया समेत अब्दुल वहीद, मुश्ताक, अनवर अहमद, पप्पू, सलीम खान, गुरजार मस्जिद, पन्नीगरान का ताजिया का आकर्षण रहा। इसके अलावा गुरजार मस्जिद, मौला कुरैशियों का ताजिया, पन्नीगरान का ताजिया, नीलगरान, नालबंदान, हांडीपुरा, सिरकीगरों का ताजिया, बड़ वालों की मस्जिद का ताजिया, जालुपुरा, रेहमानियों का ताजिया, लुहारों का खुर्रा पहलवानों का ताजिया, उमरान मछली वाला, ऊंटवाला अंसारियों का ताजिया समेत रहमानियों का ताजिया भी खास रहा।

पिकअप सवार बदमाश दो एटीएम उखाड़कर फरार

- **नाकाबंदी के बावजूद नहीं पकड़ सकी पुलिस टीम**
- **सिरसी मोड मुख्य तिराहे पर सोमवार देर रात हुई वारदात**

जयपुर (कासं)। भांकरोटा इलाके में सोमवार देर रात पिकअप सवार बदमाशों ने दो एटीएम मशीनों को गाड़ी से बांधकर उखाड़ा और उसे लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकाबंदी भी करवाई गई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया।

अब फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एफएसएल) टीम को घटनास्थल पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए है। बताया जा रहा है कि एटीएम मशीन में 50 हजार रुपए मौजूद थे। कि पुलिस को वारदात स्थल पर चौपहिया वाहन के टायरों के निशान भी मिले हैं।

बदमाशों की यह तमाम करतूत वारदात स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। फुटेजों में छह बदमाश वारदात करते दिखाई दे रहे है। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

भांकरोटा थानाधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात सिरसी मोड़ स्थित मुख्य तिराहे के पास स्थित निजी कंपनी के हिताची और वक्रांगी के एटीएम है और एटीएम पर सिक्योरिटी गार्ड तैनात नहीं था। जहां बदमाशों ने एटीएम को गाड़ी से रस्सी बांधा और उखाड़ लिया। फिर उखाड़े गए एटीएम को अपने साथ लाई गाड़ी में रख कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने बूथ में लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। फुटेज में लोहे के नकब के साथ 6 नकाबपोश बदमाश एटीएम लूट की वारदात को करते दिखाई दे रहे है। बूथ में घुसते ही कैमरों पर स्प्रे कर बंद कर दिया और फिर सीसीटीवी कैमरों का मुंह मोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि करीब पौन घंटे में दोनों एटीएम को बदमाश गाड़ी में रखकर लूट ले गए। एक एटीएम में 8 हजार और दूसरे में 38 हजार रुपए मौजूद थे। फिलहाल बदमाशों को पकड़ने के लिए जिला स्पेशल टीम पश्चिम के साथ थाने की स्पेशल टीम जुटी हुई है। बदमाशों के वारदात को अंजाम देने के बाद हाईवे के रास्ते भागने की संभावना को देखते हुए आसपास हाईवे पर स्थित टोल पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाले जा रहे है।

परिचय सम्मेलन 14 अगस्त को

जयपुर (कासं)। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान की ओर से 15वां अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन 14 अगस्त को परशुराम भवन विद्याधर नगर सेक्टर 4 सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। इसमें देश-विदेश से 800 से अधिक युवक-युवती अपना परिचय देकर जीवनसाथी चुनेंगे। महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया ने बताया कि परिचय सम्मेलन में संपूर्ण भारत के साथ विदेशों से भी विवाह योग्य युवक युवती की प्रविष्टि प्राप्त हुई है। समाज को दिनांक 1 अगस्त तक 800 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। इसमें अमेरिका में रह रहे परिवार के साथ-साथ उच्च शिक्षित डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, अधिवक्ता, सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी के बायोडाटा प्राप्त हुए हैं।

सार-समाचार

अवनी होम्स परिसर में बनेगा मंदिर

जयपुर (कासं)। बीलवा कलां स्थित अवनी होम्स परिसर में सभी फ्लैट मालिकों के सहयोग से अवनीश्वर महादेव मंदिर की स्थापना की जा रही है। अधिवक्ता मुनेश चन्द शर्मा ने बताया कि परिसर में निवासरत सभी महिला-बच्चे व पुरुषों की मौजूदगी में महावीर शास्त्री ने पूरे विधि विधान से मन्दिर की नींव अवनी होम्स के डायरेक्टर विजय सिंह चौहान के कर कमलों द्वारा रखवाई। मन्दिर का भव्य निर्माण सभी के सहयोग से करवाया जायेगा, यहां पर शिव परिवार के साथ सभी देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।

इच्छापूर्ण महादेव मंदिर में झांकी सजाई

जयपुर (कासं)। इच्छापूर्ण महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति भगवान शिव का पंचामृत और मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक करके भव्य सिंगार व महाआरती की गई। इसके बाद आराध्यदेव को भोग लगाकर अच्छी वर्षा व सभी के स्वस्थ रहने की कामना की गई। सभी श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शनों का लाभ उठाया। मंदिर में भगवान का भव्य श्रृंगार हिमांशु कटारिया, बृजेश सैनी, मुकेश कटारिया, देवेंद्र सैनी, गणेश सैनी, पवन कटारिया, रामबाबू सैनी और देव कटारिया ने किया।

मनोज सोगानी तीसरी बार अध्यक्ष बने

(बायें से) दशरथ सिंह, अरविंद पारीक व मनोज सोगानी जैन

जयपुर (कासं)। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (टाई) राजस्थान चैप्टर की सालाना बैठक जयपुर की गणगौर होटल में आयोजित की गई। यहां सभी मौजूदा मेंबर्स ने 2022 से 2024 के कार्यकाल की निर्विरोध कार्यकारिणी का चयन भी किया। इस दौरान लगातार तीसरी बार टाई, राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष के तौर पर मनोज सोगानी जैन को अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही मानद सचिव के तौर पर दशरथ सिंह और मानद कोषाध्यक्ष के तौर पर अरविन्द पारीक ने अपना दायित्व संभाला। मौजूदा टूरिज्म और होटल इंडस्ट्री के हालातों पर मनोज जैन ने कहा कि कोविड आपदा के दौर से गुजरने के बाद होटल, एविएशन और टूरिज्म इंडस्ट्री को खासा नुकसान झेलना पड़ा है, अब वे हालत समय के साथ बेहतर हो रहे है। ऐसे में हमारी कोशिश है कि हम ट्यूरिस्ट और सेलर के बीच एक सरल रास्ता बना सके। साथ ही देश के ग्रामीण इलाकों में ट्यूरिज़्म बढ़ाने की ओर प्राथमिकता दी जाएगी।

'घर-घर में तिरंगा फहराएंगे विद्यार्थी'

जयपुर (कासं)। जयपुरिया इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने भारत के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को आगामी 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। इंस्टीटयूट के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को झंडे वितरित किए। उन्होंने सभी को "हर घर तिरंगा-आज़ादी का अमृत महोत्सव" में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में ध्वज को सामूहिक रूप से फहराना न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का भी अहसास कराता है।

नर्सेज को सम्मानित किया

जयपुर । अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के.सी. घुमरिया ने सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नमो नारायण मीणा एडवांस आईसीयू 1 में कार्यरत व सीनियर नर्सिंग ऑफीसर मुरारी लाल मीणा जयपुरिया चिकित्सालय तथा परिषद के प्रदेश सचिव मनोज दुब्बी मीना को सम्मानित किया। इन्हें यह सम्मान निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करने पर मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित समारोह में दिया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यादराम मीणा, किसान नेता और जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील भी मौजूद थे।

अपहरण कर युवक की हत्या करने वाला बदमाश गिरफ्तार

- **सांगानेर पुलिस इस प्रकरण में पहले भी तीन आरोपियों को पकड़ चुकी**

जयपुर (कासं)। सांगानेर इलाके में युवक का दिनदहाड़े अपहरण कर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूर्व में तीन लोगों को इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

डीसीपी (पूर्व) राजीव पचार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कन्हैयाल उर्फ कानाराम गुर्जर (32) गुर्जरों की ढाणी सेक्टर-11 प्रताप नगर का रहने वाला हैं। डीसीपी ने बताया कि 19 फरवरी को चौधरी कॉलोनी सांगानेर निवासी रमेश बैरवा ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि दिन में तीन बजे घर के बाहर से एक सफेद रंग की कार में तीन-चार लोग उसके भाई मुकेश को उठाकर ले गए। जिसको उठाकर ले जाने के बाद मारपीट कर चलती गाड़ी से बीलवा टोंक रोड पर फेंक गए थे, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में पीड़ित ने संजय सागर, अक्षय चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ भाई के साथ मारपीट कर हत्या करने का मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज करवने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश कर संजय सागर, मनोज उर्फ फफोला, महेश उर्फ डब्बू छीपा को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में एक आरोपी कन्हैया उर्फ कानाराम गुर्जर लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसकी तलाश के लिए एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार, एसीपी रामनिवास विश्नोई और थानाधिकारी हरि सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। टीम के हैड कांस्टेबल सूरजमल और कांस्टेबल केदारमल को सूचना मिली थी कि कन्हैयालाल गुर्जर काली माता मंदिर प्रताप नगर हल्दी घाटी पर खड़ा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

ईमानदारी से काम करने के लिए राजनीति में आया हूं : रमेश मीना

जयपुर । मंत्री रमेश मीना ने कहा कि गरीब को गणेश मानकर ईमानदारी से कम करने के लिए राजनीति में आया हूँ और अपने समाज और जनता के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हूँ। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज को एक जुट होनी की जरूरत है। तभी आदिवासी समाज का विकास सम्भव है। और खासतौर पर बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है।

दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र सभागार में विश्व आदिवासी अंतराष्ट्रीय दिवस समारोह के आयोजन में केबिनेट मंत्री रमेश चंद मीना मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ आईएएस कुंजी लाल मीना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अरावली विचार मंच की ओर से आयोजित समारोह की थीम आदिवासी समाज के विकास में महिलाओं का योगदान रखी गयी। समारोह में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी लोक कला एवं संस्कृति को साकार किया।

प्रदेश में थोड़ी वृद्धि के बाद 580 नए करोना संक्रमित मिले मंगलवार को

जयपुर के बाद अब अलवर में सर्वाधिक नए संक्रमित मिल रहे हैं

- **राहत की बात यह है कि पिछले दो दिन से इस बीमारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।**

जयपुर (कासं)। प्रदेश में मंगलवार को थोड़ी वृद्धि के बाद 580 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक जयपुर और अलवर में मामले पाए गए हैं। वहीं रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 4 हजार के पार हो गए हैं। राहत की बात यह है कि पिछले दो दिन से इस बीमारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 21 जिलों में 580 नए संक्रमित मिले थे। इससे पहले सोमवार को 552 रोगी पाए गए थे। इधर राज्य में सबसे ज्यादा 139 नए संक्रमित जयपुर जिले में जबकि अलवर में 112 मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा उदयपुर में 72, दौसा में 55, भरतपुर में 35, चित्तौड़गढ़ में 32, जोधपुर में 25, नागौर में 20, कोटा में 19, डूंगरपुर में 17, प्रतापगढ़ में 10, झालावाड़ में 9, सवाई माधोपुर में 7, सीकर में 6, धौलपुर और पाली में 5-5, बूंदी में 4, जालोर में 3, अजमेर और बीकानेर में 2-2 तथा झुंझुनूं में एक नया संक्रमित मिला है। प्रदेश में सोमवार को कोविड जांच के लिए 20 हजार 299 नए सैम्पल लिए गए।

प्रदेश में मंगलवार को केवल 251 मरीज ही ठीक हुए हैं। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 4142 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में आज एक भी मरीज रिकवर नहीं होने से 1400 एक्टिव केस हो गए हैं। इसके अलावा अलवर में 464 जबकि दौसा, जोधपुर और उदयपुर में दो सौ से अधिक लोगों का इलाज चल रहा है। राज्य में पिछले 24 घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9590 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। जयपुर जिले में 41 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक 36 संक्रमित सांगानेर में मिले हैं। जगतपुरा में 9, मालवीय नगर में 8, मानसरोवर और शास्त्री नगर में 7-7, सी-स्कीम व दुर्गापुरा में 5-5, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, सांभर, सोड़ाला व विद्याधर नगर में 4-4, बाइस गोदाम, लालकोठी व वैशाली नगर में 3-3, बापू नगर, बस्सी, गोविंदगढ़, फागी व टोंक फाटक इलाके में 2-2 तथा आदर्श नगर, आमेर, बनीपार्क, सिविल लाइन, गोपालपुरा, गुर्जर की थड़ी, हरमाड़ा, हसनपुरा, जमवारामगढ़, खातीपुरा, किशनपोल बाजार, कोटपूतली, रामगंज, रेनवाल, शाहपुरा, सीकर रोड, सिरसी रोड, तिलक नगर, वाटिका व वीकेआई में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 3 संक्रमितों का पता सही नहीं मिला है।

नंदपुरी अंडरपास में भरे पानी में बस डूबी, सवारियों ने छत पर चढ़कर जान बचाई

बारिश के दौरान मालवीय नगर के इस अंडरपास में हमेशा भरता है पानी

मालवीय नगर स्थित नंदपुरी अंडरपास में मंगलवार सुबह मिनी बस आधी डूब गई। इससे घबराई सवारियां बस की छत पर चढ़ गई।

- **पुलिस और सिविल डिफेंस ने सवारियों को सुरक्षित निकाला**
- **पिछले दिनों मंत्री मुरालीलाल मीणा की बेटी की कार भी यहीं पर डूबी थी**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मालवीय नगर स्थित नंदपुरी अंडरपास में मंगलवार को सवारियों से भरी बस पानी में डूब गई। देखते ही देखते बस में पानी भर गया। यह देखकर सवारियां पहले तो सीट पर और फिर बस की छत पर चढ़ गई और मदद की गुहार लगाने लगी। यह देख आस-पास के लोगों ने पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों व सिविल डिफेंस टीम की मदद से बस में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जानकारी के मुताबिक मिनी बस-6 खिरनी फाटक से जयपुर एयरपोर्ट तक चलती है। मंगलवार को बस खिरनी फाटक से जयपुर एयरपोर्ट जा रही थी, तभी सेक्टर-15 नंदपुरी अंडरपास में बस निकालते समय यहां भरे बारिश के पानी में डूब गई। देखते ही देखते पूरी बस में पानी भर गया। यहां तक की सीट के उपर तक पानी आ गया, जिससे उसमें बैठी 4 सवारियां घबरा गई और किसी तरह वह बस की छत पर चढ़ गई और लोगों से मदद की गुहार लगाई। यह देख उधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दी।

मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस की टीम ने सवारियों को बाहर निकाला। बस को पानी से निकालने का प्रयास किया रहा हैं। बस में पानी भर जाने से उसमें बैठी सवारियों को जान सांसत में आ गई। किसी तरह वह बस की छत पर बैठ गई। नागरिक सुरक्षा जयपुर के उप नियंत्रक अमित शर्मा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की टीम के सदस्य महेन्द्र सिंह सेवदा, भीम सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे और बस के उपर बैठी सवारियों को सकुशल उतार लिया।

गौरतलब है कि बरसात की वजह से नंदपुरी अंडरपास में पानी भर जाता है। इसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं होने की वजह से आए दिन इस तरह की परेशानी होती है।

ज्ञात रहे कि चार-पांच दिन पहले भी इसी अंडरपास में मंत्री मुरारीलाल मीणा की बेटी की लग्जरी कार भी डूब गई थी, उस वक्त भी कार सवार लोगों ने छत पर चढ़कर खुद की जान बचाई थी। यहां आए दिन बाइक सवार लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

भांकरोटा में रस्सी से गला घोंटकर युवक की हत्या

- **बदमाशों ने लाश को चद्दर में बांध सड़क किनारे फेंका**

जयपुर (कासं)। भांकरोटा थाना इलाके में रस्सी से गला घोंटकर 25 वर्षीय एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। बताया कि जा रहा है कि हत्यारों ने किसी और जगह पर हत्या करने के बाद चद्दर में लाश को बांधकर मंगलवार सुबह रोड किनारे फेंका है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एफएसएल) टीम को मौके पर बुलाकर घटनास्थल से सबूत जुटाए है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिंग रोड के सड़क किनारे मंगलवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की गला घोंटकर हत्या की गई। साथ ही कहीं और हत्या करने के बाद शव यहां फेंका गया है। मृतक युवक की पहचान नहीं होने पर शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र 25 से 30 साल के बीच की है। करीब 4-5 घंटे पहले ही रस्सी से गला घोंटकर युवक की हत्या की गई थी। किसी दूसरी जगह पर हत्या करने के बाद शव को चद्दर में बांधकर हत्यारे यहां लाए और थाना इलाके में स्थित रिंग रोड किनारे खाली जगह में शव ठिकाने लगाकर फरार हो गए। लाश बांधकर लाने वाली सफेद कलर की चद्दर को जब्त कर लिया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि मंगलवार तडके शव यहां फेंका गया है। हत्या में दो या दो से अधिक लोग शामिल है। हत्या के बाद किसी वाहन में डालकर शव यहां लाए। पुलिस मृतक की पहचान के साथ परिजनों की तलाश कर रही है।

बावरिया गैंग के तीन चोर दबोचे

जयपुर । कालवाड़ पुलिस ने शातिर वाहन चोर और रात में सूने मकानों में नकबजनी करने वाले बावरिया गिरोह का पर्दाफाश कर तीन बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के पांच वाहन बरामद कर लिए। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सूने मकानों, थड़ी और किराना की दुकानों और मंदिरों में रखे दानपात्र से चोरी करते थे।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मेवा बावरिया डिग्गी टोंक, राकेश बावरिया मालपुरा टोंक, धारा सिंह बावरिया मेन्दवास टोंक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चुराई 7 मोटरसाईकिल बरामद की है। इस संबंध में 8 अगस्त को परिवादी अमन यादव ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। पीड़ित ने बताया था कि उसकी मोटरसाईकिल बालाजी फ्रेक्चर एण्ड जनरल अस्पताल की पार्किंग से कोई चोरी कर ले गया। इस पर पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों को दबोचा।

Inventors Month

The printing press. The automobile. The internet. Electricity. Penicillin. Glasses. Sliced bread. All of these things and thousands more are inventions made by our ingenious inventors that may have lived thousands or hundreds of years ago or may even still be alive today that we benefit from every single day. Take some time to appreciate the brilliant men and women who have invented ways to make our lives better and easier from glasses to plumbing to spaceships.

#BIOCHEMISTRY

Extending Shelf Life Of Vaccines

Most vaccines require strict temperature regulation from the manufacturing line to injection into a human arm.

Early half of all vaccines go to waste. This is due to the logistical obstacles involved in transporting them to diverse regions of the world. Most vaccines require strict temperature regulation from the manufacturing line to the injection into a human arm. Maintaining a constant temperature along the cold (supply) chain is a challenging feat in the best of circumstances. In the Sub-Saharan Africa and other developing regions for example, limited transport infrastructure and unreliable electricity compounds the already immense challenges of delivering viable vaccines.

Rising to the challenge, scientists from ETH Zurich's Macromolecular Engineering and Organic Chemistry Labs and entrepreneurs from Colorado based Nanoly Bioscience worked together to develop a safe, versatile platform to increase the thermal stability of vaccines. Their aim is to vastly improve the distribution of viable vaccines and reduce the economic costs of the cold chain.



Like 'Tupperware' for Proteins

"Think of it like an egg," explains Bruno Marco-Dufort, a doctoral researcher in Professor Mark Tibbitt's Macromolecular Engineering lab. "At room temperature or in the refrigerator the egg maintains its viscous like protein structure but once it hits boiling water or the frying pan its structure changes permanently." It is similar for the proteins in a vaccine - once exposed to certain temperatures they clump together. Cooling them down again will not reverse their denaturation - you cannot 'un-cook' the egg.

इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक राकेश सामोत्या, सीताराम सोनी सूरजमल गुप्ता, मुरारी पाटीवाला, मुरारी सोनी, भागीरथ सोनी, हनुमानू शर्मा, प्रकाश गंगा सहाय मुरारी, बृजमोहन थानेदार, प्रकाश चोपड्या, पंडित हेमु, अंगद, काल्या नापित, राममनोहर गुप्ता, शिवान्स गुप्ता, चौंथमल गुप्ता, मन्नू सोनी, प्रकाश पाटीवाला आदि आयोजन समिति से जुड़े लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

लालसोट के डिडवाना ग्राम में आयोजित झूला महोत्सव में कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

तिरंगा यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

श्रीमाधोपुर, (निसं)। अजीतगढ़ में 13 अगस्त को जिला कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम होगा। आयोजन कस्बे के खेल मैदान में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं गीतांजलि हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 13 अगस्त शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में जिला कलक्टर अविचल चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर सोमवार की देर शाम को प्रशासनिक सुधार विभाग के सहायक निदेशक एवं सोसायटी के जिला उपाध्यक्ष राकेश लाटा ने तैयारियों का जायजा लेकर खेल मैदान का अवलोकन किय।

लाटा ने यात्रा के मार्ग खेल मैदान से राबाउमावि, संध्या गोविंद रत्न प्लाजा, मुख्य चौपड़,सेडमाता मंदिर,राउमावि, श्री कृष्ण गौशाला, बाबा नारायण दास राजकीय उप जिला अस्पताल, मोदी मीनार, राजकीय संस्कृत प्रवेशिका विद्यालय होते हुये खेल मैदान तक पैदल चलकर अवलोकन कर तैयारियों पर संतुष्टि जाहिर की । इस अवसर पर सोसायटी के उप संरक्षक सदस्य डॉ.मंगल यादव,विजय यादव,दिनेश गोविंद शर्मा, कपिल मीणा,शंकर लाल शर्मा मौजूद थे।

धरनार्थियों ने पैदल मार्च निकालकर जताया आक्रोश

चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा के बनेठा कस्बे में ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर पक्का निर्माण कर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए किसानों का धरना छठे दिन भी जारी रहा। प्रशासन द्वारा कोई रेस्पान्स नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार शाम को धरना स्थल से कल्याण महाराज के मंदिर तक मुख्य मार्गों से गुजर कर पैदल मार्च निकाला तथा कल्याण महाराज से प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए अरदास लगाई।

■ बनेठा में धरना स्थल से कल्याण महाराज के मंदिर तक निकाला पैदल मार्च

किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि गत 6 दिनों से ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर किसानों का धरना अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर चल रहा है। मगर धरना स्थल पर प्रशासन द्वारा कोई भी अधिकारी वार्ता करने के लिए नहीं पहुंचा है जबकि धरना दे रहे किसानों द्वारा कलेक्टर तक सूचना दे दी गई।

धरने में समर्थन करने बनेठा उपसरपंच रामनिवास केवट भी मंगलवार को पहुंचे । पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को किसानों द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समिति से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च रवाना हुआ । पैदल मार्च में प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए ग्रामीण हाथों में तख्तियां लिए हुए चल रहे थे।

पैदल मार्च धरना स्थल से शुरू हुआ जो बस स्टैंड, राउमावि के पास सुरेली चौराहे से गुजरता हुआ छोटा बाजार, आजाद मार्केट होकर कल्याण महाराज के मंदिर पहुंचा जहां पर सभी धरनार्थियों द्वारा कल्याण महाराज से प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए माथा टेक कर अरदास लगा कर शीघ्र अतिक्रमण हटवाने की मनौती मांगी गई । इसके बाद पैदल मार्च वापस जागो के मोहल्ले से गुजरता हुआ सहकारी समिति परिसर में धरना स्थल पर पहुंचा।

बाबा भूतनाथ मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

पावटा, (निसं)। सावन के महिने में शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। महादेव के मंदिरों में भक्त जलाभिषेक के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि इस माह में अगर भक्त महादेव को प्रसन्न कर लेते हैं तो जो भी मनोकामना करता है महादेव उसकी मनोकामना को पूरा करते हैं।

पावटा में श्मशान घाट के पास जोहडा धाम पर बाबा भूतनाथ का मंदिर है। जहां हर वर्ष हजारों की तादाद में भक्त महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं। जब से सावन माह की शुरुआत हुई है बाबा के भक्तों का सैलाब उमड रहा है। भक्त बाबा भूत नाथ को बेलपत्र के साथ अभिषेक करने के लिए पहुंच रहे हैं। पावटा शहर में यह मंदिर श्मशान घाट के पास जोहडे पर स्थित है। जहां महादेव विराजे हैं जो भक्तों को साक्षात दर्शन देते हैं। बाबा भूतनाथ के शिवलिंग की खास बात यह है कि पुराने लोगों के अनुसार लगभग 35-40 साल पहले इसकी स्थापना की गई थी लेकिन किसने की यह आज तक पता नही चल पाया है। इसके सबसे पहले भक्त गोविंदराम किशन लाल गोयल है। पहले लोग श्मशान घाट रास्ते मे होने के कारण मंदिर मे जाने से डरते थे। जिसे देखते हुए लगभग 35-40 साल पहले एक युवाओं की टीम ने इस मंदिर के निर्माण, विकास व सौंदर्यकरण की योजना बनाते हुए लोगों को जागरूक करते हुए एक कमेटी बाबा भूतनाथ कमेटी का गठन किया।

पावटा में बाबा भूतनाथ की अलौकिक झांकी सजाई।

भाई-बहिन पर गोली चलाई, दोनों घायल

अलवर । अलवर के लक्ष्मणगढ के हिंगोटा गांव में सोमवार देर शाम को घर में घुसकर गोली चला दी। जिसमें भाई-बहिन सहित तीन जने घायल हुए हैं। तीनों का अलवर के अस्पताल में इलाज जारी है। जिला अस्पताल में घायलों ने बताया कि गांव के शौकीन व अन्य ने गोली चलाई। शाम करीब साढे सात बजे आदिल, तस्मीना व कासम घर में खाना खा रहे थे। तभी शौकीन, मुबारिक व लादेन घर के अंदर घुस आए। आते ही गोली चला दी। आदिल को गर्दन व मुंह पर छर्रे लगे हैं। उसकी हालत गंभीर है। बहन तस्मीना व कासम भी घायल हुए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। परिवार के लोगों का कहना है कि सोमवार को कोई झगडा नहीं हुआ। बेवजह आकर गोली चला दी। पहले भी एक बार महिला से मारपीट कर चुके हैं।पुलिस को जानकारी मिली है कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर पुराना झगडा चल रहा है। इस रंजिश के तहत हमला किया गया है। हालांकि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में एक-दो जनों को डिटेन करना भी किया गया है। यह वारदात देर शाम करीब साढे सात बजे की है।

भाईचारे का प्रतीक ताजिए: जूली

अलवर, (निसं)। मुस्लिम समाज की ओर से मंगलवार को मोहर्रम मनाया गया। केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने रोड नं. 2 स्थित मेव बोर्डिंग पहुंचकर ताजिए की अगुवाई करते हुए मेव बोर्डिंग से कर्बला दशहरा मैदान के लिए रवाना किए जो कि शहर के भगतसिंह सर्किल, अम्बेडकर चौराहा होते हुए जेल चौराहे स्थित कर्बला मैदान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इस बडे जुलूस में जिले भर से बडी संख्या में लोगों ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र और आपसी भाईचारे का प्रतीक ताजिए के जुलूस में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। ताजियों की आगे-आगे जिले भर से आई पैक पार्टियां मातमी धूनों के साथ चल रही थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए। जुलूस के दौरान रास्ते में अखाडों से जुडे लोगों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, सदर शेर मोहम्मद, प्रधान दौलतराम जाटव, वीरमती देवी, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, सरपंच बबल यादव, असरू खान, उमरदीन खान, दीना खान सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने पदभार संभाला

दौसा, (निसं)। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के पद पर सोमवार को राजीव शर्मा ने कार्यग्रहण कर लिया है। इधर राजीव शर्मा के कार्य ग्रहण करने पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक घनश्याम मीणा सहित अनेक अधिकारियों ने स्वागत किया।

उधर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के पद पर राजीव शर्मा को नियुक्त कराये जाने पर विभिन्न शिक्षक संगठन एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कृषि विपणन मंत्री मुरारीलाल मीणा का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने रविवार देर रात्रि को तकरीबन दो हजार से अधिक प्रधानाचार्य एवं शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की थी। उक्त सूची में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के पद पर राजीव शर्मा का स्थानांतरण किया गया है। तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के पद पर कार्यरत नवल मीणा का स्थानांतरण बांरा जिले मे हो गया है। इससे पूर्व राजीव शर्मा समसा के सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत थेए उक्त पद पर चार साल पूर्ण होने पर उन्हे पदस्थापन्न की प्रतीक्षा में बीकानेर निदेशालय भेज दिया गया था। शिक्षा विभाग रविवार को रात्री को जारी की गई सूची में राजीव शर्मा को अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के पद पर लगा दिया। सोमवार को राजीव शर्मा ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक घनश्याम मीणाए ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी राजाराम मीणाए सहायक परिजयोजना समन्वयक रंगलाल मीणाए आरपी राजेन्द्र सोनीए आरपी कालूराम आदि मौजूद थे।

हर घर तिरंगा वितरण किया

अलवर । आज भारतीय जनता पार्टी अलवर (दक्षिण) के श्री विवेकानन्द मण्डल के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा वितरण किया गया। विवेकानन्द मण्डल के हर घर तिरंगा प्रभारी व जिला मंत्री जितेन्द्र राठौड व मण्डल अध्यक्ष मनोज चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा मण्डल में हर घर तिरंगा वितरण का शुभारम्भ जिला अध्यक्ष संजय सिंह नरूका के द्वारा किया गया।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजक मण्डल महामंत्री नरेन्द्र सिंह राठौड व महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष ममता कॅवर रही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह नरूका ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी के तहत भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर तिरंगा वितरण करने की शुआत करके हर घर तिरंगा वितरण किया जाएगा तथा जनता के बीच में जाकर जन जागृति कर हर घर तिरंगा लगवाने का कार्य करेंगे। भाजपा जिला मंत्री जितेन्द्र राठौड ने कहा कि बूथ स्तपर पर कोई भी घर बिना तिरंगा के ना रहे यह हम कार्यकर्ताओं का संकल्प है।

सांभर में सरसों का ताजिया रहा आकर्षण का केंद्र

सांभरझील, (निसं)। कई दशकों से हिंदू परिवार की ओर से बनवाया जाने वाला सरसों का ताजिया राजस्थान में सांप्रदायिक सौहार्द की खास मिसाल कायम किए हुए हैं। यूं तो सांभर में ताजियेदारों की ओर से अनेक ताजिये बनाए जाते हैं जिन्हें देखने के लिए भी लोगों का हुजूम उमड़ता है लेकिन यह सरसों का ताजिया सभी वर्ग के लोगों के लिए खास आकर्षण है केंद्र भी होता है।

सरसों के ताजिये का निर्माण करने के लिए करीब 15 रोज पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर ली जाती है। इसके कारीगर पहले बांस की खपच्चियों से इसका खाका तैयार करते हैं। इसके बाद इसके ऊपर चारों तरफ रूई लपेटी जाती है। रुई में ही सरसों के दाने पहले से ही डाल दिए जाते हैं। इसके पश्चात इसकी खास तरीके से सिंचाई की जाती है, यह भी ध्यान रखा जाता है की इसकी सिंचाई ना अधिक हो और ना ही कम। धीरे धीरे रुई में से सरसों के दानों का अंकुरित फूटना शुरू हो जाता है। इसकी खास देखभाल करते हैं और ताजिया निकलने के वक्त तक यह

■ कई दशकों से हिंदू परिवार की ओर से तैयार करवाया जाता है यह खास ताजिया

ताजिया पूरी तरह से हरा भरा हो जाता है। ताजिया निकलने के दौरान यह हिंदू परिवार पूरे वक्त तक मुस्लिम भाइयों के साथ ही चलता है, जो हिंदू मुस्लिम एकता का खास संदेश भी देता है।

माना जाता है कि बुरी नजर से बचने के लिए भी अनेक बच्चे इसके नीचे से होकर भी निकलते हैं। मंगलवार को ताजिया निकलने के दौरान पर्याप्त पुलिस और प्रशासन का जाब्ता तैनात रहा। इससे पहले सोमवार की रात्रि को ही अंजुमन हुसानियां दरगाह कमेटी की ओर से बनवाया गया गश्त का ताजिया रात को प्रमुख जगहों से निकाला गया।

सांभर में हिंदू परिवार की ओर से बनवाया सरसों का ताजिया लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना।

हर घर तिरंगा को लेकर बैठक

किशनगढ़ बास। अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने अनाज मंडी में भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि मंगलवार को अनाज मंडी स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने आजादी के 75 वर्ष होने पर देशभर में उल्लास पूर्वक मनाए जा रहे अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर पार्टी पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंघल पूर्व अध्यक्ष राजेश बटवाड़ा युवा मोर्चा अध्यक्ष तेज सिंह सैनी मंडल महामंत्री प्रदीप संगवैया जय सिंह सरदार विक्की गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-समाचार

विधायक और जेलर को राखी बांधी

किशनगढ़ बास, (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रक्षाबंधन के पावन पर्व पर किशनगढ़ सेवा केंद्र की कल्याणी और आरती दीदी ने विधायक दीपचंद खैरिया व उप कारागृह जेल प्रभारी एवं बंदियों को राखी बांधी और परमात्मा का परिचय कराते हुए रक्षा सूत्र का महत्व बताते हुए विधायक वे जेलर को माउंट आबू आने का न्योता दिया।

वार्डवासियों को तिरंगे बांटे

श्रीमाधोपुर, (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव पर घर-घर तिरंगा फहराने की तैयारी चल रही है, जिसे लेकर सभी से सहयोग मांगा जा रहा है। श्रीमाधोपुर कस्बे के वार्ड-19 में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। लक्की मऊवाला ने बताया कि कांग्रेस के पार्षद उमेश चूलेट ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वार्डवासियों को तिरंगा वितरण किया।इसी प्रकार कस्बे के मीणा धर्मशाला में भी मीणा समाज के लोगों ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रत्येक घर में फहराया जाना है। इस मौके पर पार्षद जगदीश मीणा, अशोक कुमार मीणा, सांवरमल मीणा, पीडी मीणा, मुन्नालाल पबड़ी, रामनिवास मीणा, राजाराम मीणा समेत मीणा समाज के कई लोग मौजूद थे।

स्कूली बालकों को ड्रेस वितरित की

मंडावरी, (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोड्या जार्या डूंगरी ढाणी महारिया में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक जगमोहन मीना द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय राजा राम मीना की चतुर्थ पुण्य तिथि पर विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस एवं शिक्षण सामग्री किट आदि भेंट किया तथा विद्यालय के लिए एक ओरिएंट पंखा उपहार स्वरूप प्रदान कर बालकों को प्रसादी वितरण किया गया। इस सादा समारोह को संबोधित करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक मीणा ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों एवं भामाशाह के सहयोग से विद्यालय में दी गई व्यवस्था किसी निजी विद्यालय द्वारा दी गई सुविधाओं से कम नहीं है। पीईईओ प्रभारी कमलेश गौतम ने बताया कि महारिया राजकीय विद्यालय में कई बार भामाशाह द्वारा अध्ययनरत बालक बालिकाओं को शिक्षण सामग्री एवं स्कूल विकास के लिए भरपूर सहयोग किया है जो आसपास की स्कूलों में आने वाले योगदान में एक बडी मिसाल है..इस अवसर पर संजय मीना, आनंदी लाल मीना, जगदीश मीना कैशियर, बुधराम, सुखराम, सोहन लाल मीना, प्रधानाध्यापक रमेश तिवाड़ी, भोलाराम माली सहित ढाणी के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

ताजिया जुलूस निकाला

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा के अंदर ताजिया जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों ने शिरकत की। इस दौरान प्रागपुरा में हर वर्ष की भांति इस बार भी मोहर्रम (ताजिया) सैकडो लोगो की उपस्थिति व प्रशासन की मौजूदगी में जामा मस्जिद प्रागपुरा से शुरू होकर मेंन मार्केट से गुजरते हुए करबला में जाकर सुपर्द ए खाक हुआ। जहां हिन्दू मुस्लिम भाईचारे का पैगाम भी देखने को मिला। हमेशा की भांति इस बार भी जगह जगह लंगर व खाने की व्यवस्था की गई। सुभाष चौक पर शरबत व पानी पिलाया गया तथा मेला भरा जिसमे लोगों ने जमकर खरीददारी की। लोगो ने कलाबाजी भी दिखाई। इस मौके पर अल्पसंयक मोर्चा जिला अध्यक्ष अब्दुल सत्तार इमरान खान जिला मंत्री रिजवान कुरैशी इरफान कुरैशी महमूद लोहार लल्लू शाह फकीर ताजियादारी इकरामुद्दीन अलीमुद्दीन लोहार मुमताज लोहार अनवर तेली यासीन साह लाला लोहार रुस्तम लोहार ने बताया कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत आने वाली पीढियों के लिए मिसाल बन गई।

विश्व आदिवासी दिवस मनाया

फुलेरा। आल इण्डिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलॉय एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में विश्व आदिवासी दिवस एच के मीना की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में फुलेरा डीएमई विनोद मीना रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में किशन लाल मीणा, रामस्वरूप बैरवा रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनेक महिला-पुरूष एवं बच्चों नृत्य पेश किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मीना ने कहा कि सभी को अपने-अपने दिवस सामूहिक रूप से मनाना चाहिए। ताकि आपसी प्रेम और सहयोग होता रहे। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि बैरवा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज की प्रतिभाओं को सबल मिलता है। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालक बाबूलाल मीना के द्वारा किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में अध्यक्ष एच.के. मीना ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उम्मेद सिंह, रामप्रकाश मीना, पी.एस. मीना, बुद्धिप्रकाश, रामवतार बी, बुध्दराम, धर्मसिंह, रामजीलाल, वर्षा देवी, सुनीता, रीना देवी, बीना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मातमी धुनों के साथ निकाले ताजिया

फुलेरा। कस्बे में इंतेजामियां ताजिया मोहर्रम कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को दोपहर 2 बजे इमाम चौक जामा मस्जिद से रवाना होकर दोपहर 3:30 बजे गणगौरी बाजार पहुंचे। जहां पर ढोल-ताशेदारों एवं अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़, पार्षद प्रमोद मीणा, त्रिलोक चन्द भाटी, विमला वर्मा, श्रवण वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश रांवका व राजकुमार सैनी, शैलेन्द्र शर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माला-साफा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्याधर सिंह चौधरी ताजिया पर तिरंगा लगाकर स्वागत किया।

अन्धता निवारण जागरूकता रैली

देवली, (निसं)। नामदेव टांक क्षित्रय दर्जी समाज द्वारा आयोजित आँखों की जाँच व मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित व्यक्तियों को श्री नामदेव टांक क्षित्रय धर्मशाला में एकत्रित किया गया। तत्पश्चात समाज अध्यक्ष भंवर लाल डिडवानिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर उन्हें बस द्वारा बूंदी स्थित नीमच आई हॉस्पिटल के लिए रवाना किया गया। इस दौरान समाज की धर्मशाला से लेकर बस स्टैंड तक समाज बंधुओं व स्थानीय व्यक्तियों द्वारा अन्धता निवारण जागरूकता रैली निकाली गई ,जिसमे समाज अध्यक्ष भंवर लाल डिडवानिया, उपाध्यक्ष मदन लाल डिडवानिया, राजेन्द्र थारवान,अरुण डिडवानिया, लक्ष्मी लाल टेलर उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

कोच के लिए अजीम का चयन

टोंक,(निसं)। नेशनल क्रिकेट एकेडमी की ओर से बैंग्लुरू में होने वाले तीन दिवसीय हाइब्रिड लेवल-2

कोच कोर्स के लिए राजस्थान से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें रणजी खिलाडी व टोंक शहर निवासी अजीम अख्तर शामिल है। अजीम कोच कोर्स के लिए जाएगा। बंग्लुरू में यह कोर्स 15 से 18 अगस्त तक होगा। अजीम के चयन पर शहर के खिलाडियों में खुशी है। अजीम फिलहाल पोस्ट ऑफिस में कार्यरत है।

गौ सवामणी का होगा आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता स्थित श्री रघुनाथ गौशाला में बुधवार को गौ सवामणी कार्यक्रम का आयोजन होगा। अखिल भारतीय यादव महासभा के सम्भाग अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता गोविन्द कलावत के जन्मदिवस पर गौमाता को गुड व दलिया खिलाकर गौ सेवा की जायेगी। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस दौरान पूर्व सरपंच अशोक घोघड, एड. महेश यादव, पवन बन्ना कुजोता, दिलीप सिंह कुजोता, हिरालाल प्रजापति, उप सरपंच अशोक यादव, राजू भाई, हेमकरण सिंह, गौरव मलावत, राकेश मीणा, बंटु जोगी, मुकेश मोरदा, राकेश खेडकी आदि कार्यक्रम में शिरकत करेगें।

पुलिसकर्मियों को बांधे रक्षा सूत्र

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाने में मंगलवार को महिला सुरक्षा सखी स्वयंसेविकाओं द्वारा रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे गये। इस मौके पर स्वयंसेविकाओं ने एसएचओ हितेश शर्मा समेत स्टॉफ सदस्यों को तिलक कर व रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया। इस दौरान पूनम देवी, रेखा देवी, शकुंतला आर्य, सुनीता देवी, मंजू शर्मा, नीतू देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

ध्यान जी महाराज का विशाल भण्डारा आज

कोटपूतली,(निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री श्री 1008 श्री ध्यान जी महाराज का विशाल भण्डारा बुधवार को आयोजित होगा। मंदिर महंत रामरतन दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया की कोरोना के कारण विगत वर्ष भण्डारे का आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन इस बार लोक कल्याणार्थ एवं गौ सेवार्थ बडे ही धुमधाम से भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान लोक गायक कलाकार महावीर म्हासी एवं जयराम म्हासी द्वारा नेहडा कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

हल्की बारिश हुई, उमस बढ़ी

निवाई, (निसं)। मंगलवार को दिन में कई बार रूक-रूककर रिमझिम बारिश होती रही। हल्की बारिश होने से उमस बढ गई जिससे लोग पसीने से तर-बतर रहे। दो दिन के ठहराव के बाद अचानक मंगलवार को मौसम में बदलाव हुआ और काली घटाएं आकाश में छा गई। दोपहर में करीब 3 बजे तेज गर्जना के साथ बारिश होने लगी। कुछ देर बाद मौसम खुल गया और धूप निकली। थोडी देर बाद ही फिर मानसूनी बादल बरसने लग गए। बरसात का यह दौर देरशाम तक रूक-रूककर चलता रहा।

टोंक में कांग्रेसियों ने निकाली आजादी गौरव यात्रा

टोंक, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व उप-मुख्यमंत्री टोंक विधायक सचिन पायलट के निर्देशानुसार टोंक विधानसभा क्षेत्र की आजादी गौरव यात्रा प्रदेश कांग्रेस सचिव जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह खेड़ी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं प्रदेश मदरसा बोर्ड सदस्य सऊद सईदी, नगर परिषद सभापति अली अहमद की अगुवाई में निकाली गई, जिसमें निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता भी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के अन्तर्गत यह यात्रा राधे-राधे गार्डन देवली रोड से

■ 'देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में कांग्रेस की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता'

टोंक में कांग्रेसियों ने आजादी गौरव यात्रा निकाली।

शुरू होकर सवाई माधोपुर चौराहा, बडा कुंआ, जवाहर बाजार, काफला बाजार, पांच बत्ती, सुभाष बाजार, घण्टाघर, बमोर दरवाजा, छावनी सर्किल होते हुए कामधेनु सर्किल जयपुर रोड तक निकाली गई। यात्रा के दौरान रास्ते में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस, देश की पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। यात्रा पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जिला प्रभारी महेन्द्र खेडी ने देश की स्वतंत्रता के लिए शहीद होने वाले, शहीदों को नमन करते हुए आज हम देश की आजादी का 75वां वर्ष मना रहे है।

यात्रा पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मदरसा बोर्ड सदस्य सऊद सईदी ने हमारे लिए बडी गर्व की बात है उन्होनें कहा कि देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में कांग्रेस की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देष के विकास को नये आयाम कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दिए गए, जो अपने आप में अतुल्य है। आजादी गौरव यात्रा में अली अहमद चेयरमैन ,टोंक नगर पारिषद ,पूर्व विधायक कमल बैरवा, दिनेश चौरासिया, सुनिल बंसल, हंसराज गाता, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अलका बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरेशी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आतीफ नकवी, एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष राहुल चन्देल, जिला प्रवक्ता जर्रार खान, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष, पार्षद युसूफ इंजिनियर के अलावा बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घर-घर तिरंगा योजना को लेकर बैठक

मालपुरा,(निस) पीएम मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त तक देश में घर-घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम घोषित किये जाने के बाद मंगलवार को चितोडगढ सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीपी जोशी ने टोडारायसिंह क्षेत्र के बावडी में भाजपा देहात मंडल की बैठक ली।

सांसद ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार का जमकर निशाना साधते हुए राजस्थान में तुष्टिकरण को बढावा देने का खुला आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी दिनो मे देश मे जनआक्रोश रैली का आयोजन होगा। जिसके माध्यम से राजस्थान की कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जुट जाये। सांसद ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान मे हिन्दु समाज के धार्मिक जूलूस व यात्राओं सहित सामाजिक कार्यक्रमो पर अनगिनत पाबंदियां एवं प्रतिबंध लगा दिये। जबकि पीएफआई व अन्य संगठनो सहित समुदाय विशेष के आयोजनो पर किसी प्रकार की कोई पाबंदियां नही है। मंदिर मे भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकालने जैसे आयोजनो के लिए भी अब हिन्दु समाज को प्रशासन से सशर्त स्वीकृति लेने की बाध्यत्ता लगाई गई है। ऐसी कांग्रेस सरकार को अब सत्ता मे रहने का कोई अधिकार नही है। गहलोत सरकार ने साम्प्रदायिक तनाव व महिला हत्याचार की घटनाए दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है। गायों में फैल रहे लम्पी स्कीन जैसे रोग की रोकथाम के लिए भी स्वयं प्रयास करने के बजाय केन्द्र सरकार पर दोषारोपण कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड रहै है।

सार-समाचार

बाबा भास्करानंद महाराज का भंडारा

बहरोड़/ नीमराना, (निसं)। नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित बहरोड़ कस्बे के प्रसिद्ध मन्दिर बाबा भास्करानंद महाराज आश्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एडवोकेट बस्तीराम यादव, बहरोड़ प्रधान सरोज बस्तीराम यादव तथा कांग्रेस पार्टी समर्थित हितेंद्र यादव एडवोकेट, एडवोकेट राजाराम यादव, भामाशाह उद्योगपति भवानी यादव, महिपाल यादव, सुरेंद्र यादव सियाराम शोरूम बहरोड़ सहित कस्बे के अन्य गणमान्य लोगों ने भी पहुंचकर बाबा भास्करानंद महाराज के श्री चरणों में धोक लगाई। बहरोड़ वासियों की अटूट श्रद्धा के प्रतीक बाबा भास्करानंद महाराज मंदिर के विशाल भंडारे में बहरोड़ कस्बे के सभी लोगों सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भी अटूट श्रद्धा देखने को मिली। बाबा भास्करानंद महाराज के भंडारे के आयोजन में कमेटी के सदस्यों द्वारा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु अलग-अलग व्यवस्थाओं को देखने हेतु टीमों का गठन किया गया था।

शिवालयों में सहस्त्रघट की रही धूम

निवाई, (निसं)।शहर में मंगलवार को शिव प्रदोष के पावन अवसर पर शहर के शिवालयों में सहस्त्रघट की धूम रही। शहर के श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, मायला कुण्ड स्थित शिवालय व जमात स्थित इमली वाले बालाजी मंदिर में स्थित शिवालय सहित शहर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का सहस्त्रघटों से अभिषेक किया। सावण मास में भोम प्रदोष का विशेष महत्व होने के कारण शिवालयों में दिनभर दर्शनों के लिए शिव भक्तों की भीड लगी रही। रक्तांचल पर्वत की तलहटी में स्थित श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में चल रहे पूरे सावण मास के सहस्त्रघट के दौरान मंगलवार को श्रद्धालुओं, यजमानों व मंदिर समिति ने भगवान शिव का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद, भांग, पंचामृत, इक्षुरस, बील रस व जल से अभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा ओम नमः शिवाय के जाप से पूरा मंदिर परिसर में गूंज उठा। सहस्त्रघट के दौरान इन्द्र देव भी मेहरबान रहे और रिमझिम बारिश होती रही। शाम को भगवान का फूलों से श्रृंगार किया गया। इसके बाद आरती कर प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई। इस दौरान सुभाष ईटावा, पवन, ओमप्रकाश विजय, सुरेन्द्र दाधीच नला, कालू माली, चिरंजीलाल सैन, हनुमानप्रसाद सीदडा, जगमोहन गौतम, मुकेश राणोली सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

20 ग्राम स्मैक ले जाते एक गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। पुलिस थाना कोतवाली टोंक एवं जिला डीएसटी टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही हुए अवैध मादक पदार्थ 20 ग्राम स्मैक ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर आरोपी को एन.डी.पीएस के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा मादक पदार्थ का सेवन व तस्करी करना वालो के विरूद्ध चालाये गये अभियान के तहत पुलिस ने गश्त के दौरान जनाना अस्पताल के पास नौशाद पुत्र हबीब रर्हमान जाति मनिहारी मुसलमान निवासी 16ए/4884 घोडा निकास रोड शिकारीयों का मौहल्ला रामगंज, जयपुर पुलिस थाना रामगंज जयपुर को अवैध मादक पदार्थ स्मैक 20 ग्राम कब्जे मे रखे हुए को पकडा गया और उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मेक,एक मोबाईल रियलमी कम्पनी का रंग काला तथा 280 रुपये जप्त कर पुलिस कार्यवाही शुरु की।

विश्व आदिवासी दिवस पर लगाए पौधे

चाकसू, (निस)विश्व आदिवासी दिवस पर मंगलवार को अनेक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए आदिवासी मीना कर्मचारी संघ ब्लॉक चाकसू के सौजन्य से विश्व आदिवासी दिवस के पर्व को हर्षोल्लास एवं कई सामाजिक गतिविधियां के साथ मनाया। डॉ.ऋतुराज मीणा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी ने बताया की ब्लॉक के सभी पदाधिकारी सदस्य एवं समाज के अन्य लोगों के साथ मीणा आदिवासी संगठन शीतला माता आश्रम पर एक दूसरे को बधाई दी आदिवासी महानायकों की फोटो पर मालार्पण सहित सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लेकर समाज के कल्याण के प्रति जागरूकता दिखाई श्रीराम वृद्धाश्रम , बालिका छात्रावास एवम् उप जिला चिकित्सालय में फल वितरित कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया।

देवधाम पदयात्रा को लेकर चर्चा

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे में देवनारायण सेवा समिति के तत्वाधान में तुर्कियावास वाले पीर बाबा मंदिर में मंगलवार को महंत श्योरामदास महाराज के सानिध्य में 25 अगस्त को नारायणपुर से देवधाम जोधपुरिया जाने वाली ध्वज पदयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक में सेवा समिति द्वारा पदयात्रा की रुपरेखा तैयार की गई । इस दौरान अध्यक्ष हीरालाल धाबाई द्वारा कार्यकर्ताओं को ध्वज पदयात्रा के दौरान व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई । इस अवसर शीशराम रावत, मुरारी लाल, छुट्टन फागणा, कैलाश चेची, मुरली गोवल्या, गिर्राज मेहर, विक्रम अवाना सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग मौजूद थे ।

गौशाला में करवाया दवाई का छिड़काव

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कालुहेडा स्थित श्री देवनारायण गौशाला में सामाजिक कार्यकर्ता रतन लाल शर्मा के नेतृत्व में गौमाता को लम्पी बीमारी से बचाव हेतु गौशाला में दवाई का छिडकाव करवाया गया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि गायों में पिछले कुछ दिनों से लम्पी बीमारी फैल रही है। अतः हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने आसपास गौवंशो के बचाव के लिए कार्य करें। ताकि हमारी संस्कृति का प्रतीक हमारी गौमाता को बचाया जा सके। राजेन्द्र प्रसाद हिन्दू ने कहा कि हमारा पहला धर्म गौमाता की रक्षा करना है। ट्रैक्टर चालक जगमाल गोनेडा ने अपनी निःशुल्क सेवा दी। इस दौरान हनुमान प्रसाद, गोपाल मंगल, सवाई सिंह पंच, शीशराम, जगदीश, छितर मुक्कड, दाताराम, गिर्राज, जगमाल, कृष्ण, दयाराम, प्रकाश, सुरेश समेत अन्य मौजूद रहे।

शिव रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित

बहरोड़/ शाहजहांपुर। अलवर जिले के शाहजहांपुर कस्बे के निकटवर्ती गांव जौनायचा कलां के प्राचीन वैद्य काशीराम शिव मन्दिर पर मंगलवार को शिव महासंघ के तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल शिव रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम पण्डित भूपेन्द्र शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ। शिव मंदिर पर आयोजित शिव रुद्राभिषेक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा ऑरियण्टल ग्रुप के चेयरमैन रहे। आयोजन के तहत जिंदोली भगवत धर्म संस्कृत वेद विद्यालय के ग्यारह पंडितों में पण्डित महावीर प्रसाद एवं सोमदत्त शर्मा के नेतृत्व में शिवाष्टक के मंत्रो सहित रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों द्वारा शिव पिण्डी पर पंचामृत अभिषेक किया गया। आयोजन के तहत श्रद्धालुओं के लिए खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

मातमी धुनों के साथ निकाले ताजिया

बौंली। नगर पालिका व उपखंड मुख्यालय बौंली नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में मातमी धुनों के साथ ताजिया मोहर्रम निकाले। काफी वर्षों से चली आ रही बौंली नगर की परंपरा के अनुसार मोहर्रम ताजिया निकाले गए। इस दौरान यह सात दिवसीय मातमी कार्यक्रम रहा। जिसमें 5 दिन तक रात्रि को मातमी धुनों को बजाकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। एवं सोमवार को रात्रि को व मंगलवार दिन में मातमी धुनों के साथ ताजिया मोहर्रम का जुलूस इमामबाड़े से होता हुआ सदर बाजार मुख्य बस स्टैंड होता हुआ करबला पहुंचा। जहां पर दफनाने की रस्म पूरी की गई। ताजिया के साथ अखाड़ेबाज युवाओं ने मातमी धुनों पर करतब भी दिखाए पुलिस व प्रशासन भी व्यवस्था में मुस्तैद रहा।

एसडीएम ने ली अधिकारी व्यापारियों की बैठक

किशनगढ़ बास। एसडीएम गंगाधर मीणा ने उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपखंड कार्यालय में अधिकारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव एवं सरकार की ओर से संचालित मतदाता कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। बैठक में नायब तहसीलदार खैरथल किशनगढ़ बास विकास अधिकारी नगर पालिका खैरथल किशनगढ़ बास ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी महिला बाल विकास अधिकारी विद्युत पीएचडी शिक्षा विभाग सहित व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी आदि मौजूद रहे।

शोभायात्राओं के मार्ग पर समान नीति अपनाने की मांग

चाकसू,(निस)। भाजपाइयों सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं एवं सर्व हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक शोभायात्राओं के मार्गो को लेकर प्रशासन के द्वारा समान नीति अपनाए जाने को लेकर विरोध प्रकट करते हुए कस्बा थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में बताया गया कि हिंदू संगठनों के विभिन्न धार्मिक जुलसों को सुरक्षा का हवाला देकर प्रशासन द्वारा कई बार मार्ग परिवर्तन हुआ है वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के जुलूसों को उनके पूर्ववर्ती मार्गों से ही जाने की इजाजत दी गई है जिससे यहां के धर्म प्रेमी लोगों की भावनाएं आहत हुई है। जो पुलिस एवं प्रशासन द्वारा इस प्रकार की भेदभाव पूर्ण नीति अपनाकर दोनों समुदाय में क्रूरता एवं भेदभाव पैदा करने का प्रयास किया गया है जो गलत एवं बहुसंख्यक समुदाय द्वारा निंदनीय है। इस प्रकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण क्षेत्र में निवास कर रहे दोनों समुदायों में भेदभाव करके धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास ना करें यहां लोगों ने दोनों समुदायों में समान नीति अपनाई जाने की मांग की है जिस पर थानाधिकारी ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर सभी धार्मिक जुलूस को पारम्परिक मार्ग से निकालने के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी दी है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष केदार शर्मा भाजपा देहात अध्यक्ष भुणाराम गुर्जर भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजावत पार्षद विनोद राजोरिया मोहित अग्रवाल सहित सभी हिन्दू संगठन, भाजपा, व्यापार मंडल, धार्मिक आयोजन समिति सदस्य, समाजिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

चाकसू में गमी माहौल में निकले ताजिये

चाकसू, (निसं)। कस्बे में कोरोना संक्रमण काल के 2 साल बाद निकले ताजियों में लहराता तिरंगा देश प्रेम का संदेश देते दिखा। इमामबाडों से ताजिये निकलकर तहसील चौराहे पर पहुंचे। अकीदतमंदों ने गमी माहौल मातमी धुने बजायी, मसिया पढ़े उस्ताद के पठों ने इजाजत लेकर अखाड़े में कई हैरतअंगेज करतब दिखाए और या अली या हुसैन के गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

मुख्य बाजार महिलाओं, बच्चों व लोगों से खचाखच भरा था बाजार में पकोड़ी , पापड़ व चाट की दुकान सजी नजर आयी वर्षा होने से मौसम सुहावना हो गया वहीं महिलाओं ने

चाकसू में निकाले गये ताजियों में हैरतअंगेज करतब दिखाए।

छोटे बच्चो को ताजियों के नीचे से निकाला खटीक चौराहे पर पुलिस प्रशासन , मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने ताजियेदार का पगड़ी पहनाकर इस्तकबाल किया । शाम को सभी ताजिये कर्बला में सुपुर्द खाक किये गए वही रात्री को दरगाह शाह जलाल पर भी ताजिया निकाला गया था शांतिपूर्ण ताजिये निकलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

देश की आजादी में आदिवासी समाज का अहम योगदानः मुकेश गोयल

कोटपूतली, (निसं)। भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से कार्यकर्ताओं ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता मथुरा प्रसाद मीणा एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचन्द धानका ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि आदिवासियों की जल जंगल जमीन एवं पर्यावरण की रक्षा करने की परम्परा को अपनाने से ही विश्व की पर्यावरण व कोरोना महामारी जैसी अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम सबको आदिवासी समाज की ऐतिहासिक विरासत अनूठी संस्कृति, कला एवं परम्परा की रक्षा करनी

■ भाजपा कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मनाया

चाहिए। गोयल ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रेजो के विरूद्ध संघर्ष करने वाले आदिवासी समाज के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। गोयल ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाली आदिवासी वीरांगनाओं सिनगी दई, कइली दई, माकी, धीगी, नागे, लेंबू, रत्नी खड़िया, फूलो, झानो, जिउरी पहाड़िन, रूनिया और झुनिया आदि को नमन करते हुए देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

भाजपा एसटी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष महेश निर्वाण, पूर्व नगर मण्डल महामंत्री कमलेश प्रजापत, कैलाश चन्द धानका, मण्डल महामंत्री मुकेश कसाना आदि ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये।

भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़, नरेश मेहरा, ओबीसी मोर्चा जिलामंत्री दुलीचन्द मान, किसान मोर्चा जिलामंत्री दिलीप यादव, एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, एसटी मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष रविन्द्र मीणा, मुकेश मीणा, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरूजी, सरपंच मालाराम गुर्जर, भाजयुमो नगर मण्डल महामंत्री दयाराम कुमावत, न.पा.पार्षद जयराम रावत, धर्मेन्द्र गोयल, सुरेश सूद, अनिल सैनी, बिजेन्द्र सैनी, कमलेश प्रजापत, जयसिंह पायला, कैलाश धानका, पूरण धानका, हेमचन्द धानका, नीरज धानका, रतन सिंह धानका, धर्मपाल सिंह राठौड़, राहुल धानका, अमित धानका, शनि कुम्हार, कृष्ण कुमार धानका, सुरेन्द्र सिंह नृसिंहपुरा, जगदीश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।

किशनगढ़ बास में पानी भराव की समस्या से आमजन परेशान

किशनगढ़ बास, (निसं)। शहर में जोहड़ खाई और पानी निकासी के नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की ओर से अतिकर्मियों के साथ की जाने वाली समझाइश वार्ता बैठक के हवा हवाई होने से नगर पालिका अधिकारी एक बार फिर से हंसी का पात्र बने हैं।

इससे पहले पूर्व में भी पालिका की ओर से की गई अतिकर्मियों को नोटिस की कार्वाई महज एक मजाक बन चुकी है। सोमवार को बुलाई जाने वाली बैठक को लेकर 3 अगस्त को एसडीएम गंगाधर मीणा ने जिला कलेक्टर के आदेश पर नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर व पीडब्ल्यूडी अभियंता के साथ गंज रोड पर मौका निरीक्षण कर सरकारी नालों पर हो रहे पक्के अतिक्रमण के चलते अवरुद्ध हो रहे नाले से सड़क पर बनी पानी भराव की गंभीर समस्या को देखते हुए निर्देश दिए थे।

मजेदार बात यह देखिए की 8 अगस्त सोमवार तक पालिका की ओर से चिन्हित अति कर्मियों को यह तक मालूम नहीं था कि बैठक कब और कहां होनी है। बैठक को लेकर लोग एक दूसरे से पूछ रहे थे कि बैठक कहा रखी गई है लेकिन किसी को कोई सूचना नहीं थी। बैठक को लेकर जब एसडीएम कार्यालय से जानकारी लेने पर मालूम हुआ की एसडीएम तो तिजारा सीएम की बैठक में गये हैं और बैठक निरस्त कर दी गई है।

गौरतलब बात यह है कि 3 से 8 अगस्त तक नगर पालिका ने अति कर्मियों को 8 अगस्त को होने वाली बैठक की सूचना दी है और ना ही बैठक निरस्त होने की। इससे साफ होता है कि नगर पालिका को आमजन को हो रही परेशानी की ना तो परवाह है और ना ही वह गंज रोड पर अवरुद्ध हो रहे हैं गंदे पानी निकासी के नालों को खुलवाने की। सोमवार को होने वाली बैठक को लेकर जब ईओ महेश गुर्जर से बात की तो उन्होंने जवाब में कहा एसडीएम साहब से बात करें वही बता पाएंगे। एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि सीएम साहब के तिजारा दौरे में ड्यूटी लगाए जाने के कारण बैठक नहीं हो सकी जल्दी ही बैठक बुलाई जाएगी।

गांव के गरीब लोगों तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचेः विधायक बैरवा

निवाई, (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाने वाली निवाई वनस्थली मोड से जोधपुरिया तक सडक का मंगलवार को विधायक प्रशांत बैरवा ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि भगवान देवनारायण किसी एक समाज के नहीं है। यहां दर्शनों के लिए सभी 36 कोम के लोग आते हैं।

उन्होंने कहा कि देव धाम जोधपुरिया के लिए कई वर्षो से सडक की चौडाई बढाने एवं नवीनीकरण की मांग की जा रही थी। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा भी कई बार मांग की गई थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर सडक निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 में सडक के लिए 18 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुरिया में मांसी डैम के लिए भी 11 करोड रुपए स्वीकृत हो गए हैं। बांध का काम भी जल्दी ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव

निवाई वनस्थली मोड से जोधपुरिया तक सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम को विधायक प्रशांत बैरवा ने संबोधित किया।

जोधपुरिया से मनोहरपुरा तक की सडक भी स्वीकृत कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने पैनोरमा बनाने की भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि भगवान देवनारायण के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर में पुलिस चौकी की स्थापना भी कर दी है। विधायक बैरवा ने कहा कि उनका उद्देश्य है की विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को अच्छी व उच्च शिक्षा मिल सके इसके लिए राज्य सरकार ने कृषि महाविद्यालय एवं आईटीआई कॉलेज सहित 6 महाविद्यालय खुलवा दिए हैं। कार्यक्रम को देवनारायण मंदिर ट्रस्ट

■ 18 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का विधायक प्रशांत बैरवा ने शिलान्यास किया

के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी, महामंत्री शिवप्रताप हरषाना, दीपेंद्र सिंह खंगारोत ,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शहर अध्यक्ष महावीर पराना, जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गुर्जर, पार्षद पारस पहाडी ,पार्षद प्रदीप पारीक ने भी संबोधित किया। जोधपुरिया मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरेश डोई ने विधायक प्रशांत बैरवा से जोधपुरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने एवं मासी डैम में बोट चलाने की स्वीकृति दिलाने एवं जोधपुरिया को पर्यटन स्थल बनाने की मांग की। इस दौरान कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी रवि वर्मा ,पुलिस उप अधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा, तहसीलदार प्रांजल कंवर ,अधीक्षण आरके सिंह, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग अशोक जैन, सहायक अभियंता रविंद्र कुमार व रामगोपाल सेवलिया ,राजेश चौधरी गुरुजी , पप्पू मीणा, पीटीआई देवनारायण गुर्जर, सुरेन्द्र बेनीवाल, सीआर हनुमान मीणा, हंसराज मीणा, पुखराज गुर्जर, रामकरण गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद थे। सडक विस्तार के लिए 18 करोड की स्वीकृति - पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता वेद प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि बनस्थली मोड से जोधपुरिया तक सडक का निर्माण मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत करवाया जा रहा है। इसमें अट्ठारह करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसका टेंडर होकर कार्य चालू कर दिया गया है।

दो गुटों की रंजिश, दो जने गिरफ्तार

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित अशोका होटल में 27 जुलाई को आपत्तिजनक अवैध गतिविधि हेतु कमरा किराया लेकर होटल में ठहरे मोबाइल टावर इंजीनियर गंडाला निवासी धर्मवीर यादव के साथ आपसी रंजिश के चलते अशोका होटल पर तोड़फोड़ एवं फायरिंग करते हुए धर्मवीर को गाड़ी में पटक कर ले जाने वाले आरोपियों को बहरोड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि धर्मवीर टावर इंजीनियर अनैतिक गतिविधियों का शिकार है जिससे दोनों टावर इंजीनियरों में डीजल के मामले में भ्रष्टाचार करने में कंपनी के अधिकारियों को शिकायत करने से दोनों की आपसी रंजिश के चलते उक्त घटना घटित हुई। बहरोड़ पुलिस ने उक्त मामले में शाहजहांपुर के गजेंद्र यादव व जाट बहरोड़ के दीपेश जाट को हरियाणा से किया गिरफ्तार। बहरोड़ पुलिस की कार्यवाही टीम में थानाधिकारी वीरेंद्रपाल, एएसआई सुरताराम, कांस्टेबल धर्मवीर तथा मनोज की अहम भूमिका रही।

खेल को लेकर मेरी समझ काफी मजबूत है और मैंने अपनी तकनीक में सुधार के लिये काफी मेहनत की है। एक प्रारूप को समझना भी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं एकदिवसीय प्रारूप की जरूरतों को समझता हूं और इससे मुझे बहुत मदद मिली है। - शिखर धवन

भारतीय क्रिकेटर, अपने खेल को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **सेरेना विलियम्स**

अमेरिका की शीर्ष लॉन टेनिस खिलाड़ी और 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स ने मंगलवार को अपने सन्यास का अंदेशा देते हुए कहा कि ''उलटी गिनती'' शुरू हो गयी है। विलियम्स ने कहा, ''जिन्दगी में एक ऐसा समय आता है जब हमें एक अलग दिशा में बढ़ने का फैसला करना होता है। वह समय हमेशा कठिन होता है जब आप किसी चीज से इतना प्यार करते हैं। मत पूछिये मैं टेनिस का कितना आनंद लेती हूं, लेकिन अब उलटी गिनती शुरू हो गई है। मुझे एक माँ होने पर, अपने आध्यात्मिक लक्ष्यों पर और अंत में एक अलग, लेकिन सिर्फ रोमांचक सेरेना की खोज पर ध्यान केंद्रित करना है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत की ओर से दो गेंदबाजों को वनडे में हैट्रिक बनाने का श्रेय हासिल है। चेतन शर्मा ने 1997 में न्यूजीलैंड में तथा कपिल देव ने (1991) में श्रीलंका के विरुद्ध यह उपलब्धि हासिल की।

भारतीय महिलाओं ने रचा इतिहास, ओपन सेक्शन में पुरुषों ने भी जीता कांस्य पदक

शतरंज ओलंपियाड

मामल्लापुरम (तमिलनाडु), 9 अगस्त वार्ता भारतीय महिला टीम ने यहां आयोजित 44वें शतरंज ओलंपियाड में देश के लिए पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पुरुषों ने भी हालांकि तमिलनाडु के मामल्लापुरम में हुई इस प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता में मंगलवार को अपना अब तक का दूसरा कांस्य पदक जीता।

कोनेरू हम्पी, आर. वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी से सजी भारत-ए टीम ने फाइनल राउंड के मैच में अमेरिका से मिली 1-3 की हार के बाद महिला वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इस मुकाबले में एक भी भारतीय खिलाड़ी को जीत नहीं मिली। हम्पी और वैशाली ने जहां अपने मैच ड्रॉ किए वहीं तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी को हार का सामना करना पड़ा।

भारत-ए टीम के कोच अभिजीत कुंटे ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, ''टीम ने पिछले तीन या चार महीनों में वास्तव में कड़ी मेहनत की है और यह ओलंपियाड के इतिहास में भारत का पहला पदक है। इसे एक शुरुआत मानी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं की शतरंज के लिए बहुत बेहतर दिन आने वाले हैं।'' पहला महिला ओलंपियाड 1957 में आयोजित किया गया था। 1976 से महिलाओं और ओपन वर्गों को एक साथ आयोजित किया गया है।

वहीं, ओपन वर्ग में पूरे आयोजन में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करने वाली युवा भारत-बी टीम ने जर्मनी को 3-1 से हराकर देश को दूसरा कांस्य पदक दिलाया। इंडिया-बी में डी. गुकेश शुरुआत से आगे थे। उन्होंने 9/11 का शानदार स्कोर बनाया। निहाल सरीन ने 7.5/10 का शानदार स्कोर किया। प्रज्ञानंदा ने 6.5/9 के साथ अच्छा स्कोर किया और रौनक साधवानी ने भी 5.5/8 का मूल्यवान स्कोर किया।

कुल 11 मुकाबले खेलने के बाद 9 अंक हासिल करने वाले गुकेश ने कहा, ''कुल मिलाकर, यह एक बहुत ही सुखद अनुभव रहा है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि हम इतना अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे लेकिन यह और बेहतर हो सकता था। अगर मैं कल (सोमवार को) अपना मैच जीत जाता या ड्रा करा लेता, तो हमारे पास स्वर्ण पदक जीतने का एक बड़ा मौका हो सकता था। लेकिन ये चीजें होती रहती हैं। मैच के तुरंत बाद मैं काफी परेशान हो गया था और हमारे गुरु (विश्वनाथन) आनंद ने मुझे यह कहकर बेहतर स्थिति में रखा कि ये चीजें खेल में होती रहती हैं और कई मौकों पर हार के लिए भी तैयार करना चाहिए। भारत ने इससे पहले 2014 में ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीता था। अब उसके खाते में दूसरा पदक आया है।

टीम इवेंट्स में पदकों के अलावा व्यक्तिगत प्रदर्शनों के आधार पर भी भारतीय खिलाड़ियों ने कई पदक जीते। भारतीयों ने दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीते। गुकेश और सरीन क्रमश:: शीर्ष और दूसरे बोर्ड पर जबकि अर्जुन इरिगैसी ने तीसरे बोर्ड में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा आर प्रज्ञानंदा (तीसरा बोर्ड), आर. वैशाली (तीसरा बोर्ड), तानिया सचदेव (तीसरा बोर्ड) और दिव्या देशमुख (रिजर्व बोर्ड) ने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीते। भारत ने प्रतिष्ठित गैप्रिंडाशविली कप भी जीता। यह ओपन और महिला दोनों वर्गों में बेहतरीन सामूहिक प्रदर्शन करने वाले देश को दिया जाता है। भारत के लिए यह वैसे भी ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि उसने पहली बार दुनिया के इस सबसे बड़े शतरंज टूर्नामेंट की मेजबानी की।

44वें शतरंज ओलंपियाड में उज्बेकिस्तान और यूक्रेन क्रमश: ओपन और महिला वर्ग में चैंपियन बनकर उभरे। उज्बेकिस्तान की युवा टीम, जिसे, 14वीं वरीयता मिली थी, 12वीं वरीयता प्राप्त अर्मेनिया के साथ शीर्ष स्थान पर बराबरी पर रही लेकिन बेहतर टाई-ब्रेक पर वह स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। अर्मेनिया को रजत से संतोष करना पड़ा। दोनों टीमों ने 19-19 अंक जुटाए। इंडिया-बी का अभियान 18 अंकों के साथ समाप्त हुआ।

